श्री रत्नप्रभाकर ज्ञान पुष्पमाला पुष्प नं० ३२-३४-३८-३६-४?

श्री रत्नप्रभसूरीश्वर सद्गुरुभ्यो नम

अथ श्री—

शीघ्रबोध भाग

(६-७-८-९-१०)

लेखक—

श्रीमद् उपकेश (कमला) गच्छीय,

मुनि श्री ज्ञानसुन्दरजी महाराज

प्रकाशक—

श्री वीर मण्डल.

मु. नागोर (मारवाड)

प्रबन्ध कर्ता,

जोरावरमल वैद

मेनेजर,

श्री रत्नप्रभाकर ज्ञानपुष्पमाला—फलोदी

(द्वितियावृत्ति प्रत १०००)

वीर स २४५१ विक्रम स १९८१

धन्यवाद के साथ स्वीकार

इन शीघ्रबोध भाग ६–७–८–९–१० वा की छपाईमें जीन ज्ञानप्रेमियों ने द्रव्य सहायता दे अपनि चल लक्ष्मी का सद् उपयोग कीया है उस सहर्ष स्वीकार कर धन्यवाद दीया जाता है अन्य सज्जनों को भी चाहिये की इस 'ज्ञानयुग' के अन्दर सर्व दानोंमें श्रेष्ट ज्ञान दान कर अपनि चल लक्ष्मी को अचल बनावे किमधिकम् द्रव्यसहायकों की शुभ नामावली।

२५१) शाहा गवतमलजी मुलतानमलजी चोथरा मु नागोर
२५१) शाहा बादरमलजी सागरमलजी समदडीया मु नागोर
२०१) शाहा लाभचन्दजी जवेंरीमलजी खजानची मु नागोर
५१) शाहा शिवलालजी जेटमलजी बाठीया मु नागोर
१४५) श्री सुपनोंकी आवादानीसे
३५१) श्री भगवतीसूत्रादि पूजाकी आवन्दक

१२५०)

भावनगर—धी आनंद प्रीन्टींग प्रेसमें शा गुलाबचद लल्लुभाइने छापा

प्रस्तावना.

प्यारे पाठक वृन्द !

श्री रत्नप्रभाकर ज्ञान पुष्पमाला ऑफीस फलोदी मारवाड से स्वल्प समयमें आज ७७ पुष्प प्रकाशित हो चुका है जिस्में शीघ्रबोध भाग पहलेसे पचवीस वा तक प्रसिद्ध हुवे है जिस शीघ्रबोधके भागो में जैन सिद्धान्तो का तत्त्वज्ञान इतना तो सुगमता से लिखा गया है की सामान्य बुद्धिवाले मनुष्यों को भी सुखपूर्वक समजमें आ सके। इन शीघ्रबोधके भागो की अच्छे अच्छे विद्वानों ने भी अपने मुक्तकंठसे बहुत प्रशंसा कर अपना सुन्दर अभिप्राय को प्रकट कीया है की यह शीघ्रबोध जैन श्वेताम्बर दिगम्बर स्थानकवासी और तेरहा पन्थीयों से अतिरक्त अन्य लोगों को भी बहुत उपयोगी है कारण इन भागों मे तत्त्वज्ञान आत्मज्ञान अध्यात्मज्ञान के सिवाय कीसी मतमत्तान्तर-गच्छ गच्छान्तरादि कीसी प्रकार चर्चाओं या समुदायीक झघडों को विलकुल स्थान नही दीया है

इन शीघ्रबोध के भागो की महत्त्वता के बारे मे अधिक लिख हम हमार पाठकोंका अधिक समय लेना ठीक नही समझते है कारण पाठक स्वयं विचार कर सक्ते है की इन भागों की प्रथमावृत्ति "जो सुगमता से सरल भाषाद्वारा आबाल से वृद्ध जीवों को परमोपकारी अपूर्वज्ञान" प्रकाशित होते ही हाथोहाथ खलास हो जाने पर द्वितीयावृत्ति छपाइ गइ वह भी देखते देखते खलास हो गइ। कीतनेक भाई

प्रमाण्यस हुव दूसरी कीताबों की माफीक जब मगावें ग तब ही मील जावें ग इस विश्वास पर निराश हो बैठ थे उन महाशयो क भागणी क पत्रों स हमारे तागे क फल तग हो गये थ, पत्रपटी भर गइ थी उन ज्ञानाभिलाषीयों क लिय शीघ्रबोध भाग १—२—३—४—५ द्वितीय तृतीयावृति आप लोगो की सवामें भज दी गइ है इस समय यह भाग ६—७—८—९—१० वा पहले की निस्पत् बहुत कुच्छ सुधार क साथ तैयार करवा क आप साहिबा क कर कमलो म उपस्थित कर हमारे जीवन को कृतार्थ समजत हैं। यह ही इन कीताबो का महत्व है। विशष आप इन सब भागों को आद्योपान्त पढ लिजीये तब आपको रोशन होगा की यह एक अपूर्व ज्ञानरत्न है।

पाठकों! इन शीघ्रबोधक भागों में कथा कहानीयों नहीं है इन म है जैन सिद्धान्तो का खास तत्त्व जैनो क मूल अगोपाग सूत्रो का हिन्दी भाषाद्वारा सक्षिप्त सार=तरजमा स्पस बतलाया गया है जैसे रत्नाभिलाषी मनुष्य समुद्र मे प्रवश करत समय नौका का सादर स्वीकार करता है इसी माफीक जैन सिद्धान्त रुपी समुद्रमें तत्त्वज्ञान रुपी रत्नाभिलाषीयों को शीघ्रबोध रुपी नौका का सादर स्वीकार करना चाहिये। कारण विगर नौका समुद्र स रत्न प्राप्त करना मुश्किल है इसी माफीक विगर शीघ्रबोध जैन सिद्धान्त रुपी समुद्र से तत्त्वज्ञान रुपी रत्न प्राप्त होना असभव है।

सज्जनो! जीन सूत्रो का नाम मात्र श्रवण करना दुलभ था वह सूत्र आज साफ हिन्दी भाषा म आपक कर कमलों म उपस्थित

हो चुका है। अब भी आप इनके लाभ को न प्राप्त करे तो कमनसिबी के सिवाय क्या कहा जाव! श्री भगवतीसूत्र, पन्नवणाजीसूत्र, नन्दीसूत्र, अनुयोगद्वार सत्र, उपसकाशाग अन्तगढदशाग, अनुत्तरोववाइसूत्र पाच निरियावलीका सूत्र, वृन्हत्कल्पसूत्र, दशाश्रुतस्कन्धसूत्र, व्यवहारसूत्र और निशिथसूत्र इनो का सार इन शीघ्रबोध क प्रत्येक भागोमें बतलाया गया है।

श्री पन्नवणाजी सूत्र क ३६ पद हैं वह अन्य अन्य भागों मे प्रकाशित हुवे हैं। जिसकी क्रमश अनुक्रमणिका शीघ्रबोध भाग १२ क आदिमे दी गइ है की पढनवालोको सुविधा रहे इसी माफीक श्री भगवतीजी सूत्र की भी अनुक्रमणिका यहापर पृष्ट ६ से दी गइ है ताके जरुरत पर हरेक सवाल को पाठक देख सके।

सग्रहकर्ता मुनि श्री का खास उद्देश ज्ञान कण्ठस्थ करने का है इसी वास्ते आपश्री न विशेष विस्तार न करके सुगमतापूर्वक लिखा है आशा है की आप ज्ञान प्रेमी इस कीताब से आवश्य लाभ उठावेंगे इत्यलम ॥ शम ॥

आपका

मेघराज मुनोत

मु. फलोदी (मारवाड)

ज्ञान परिचय ।

पूज्यपाद प्रातःस्मरणीय शास्त्रादि अनेक गुणालंकृत श्रीमान् मुनि श्री ज्ञानसुन्दरजी महाराज साहिब ।

आपश्री का जन्म मारवाड़ ओसवंश वैद मुत्ता ज्ञातीमें सं. १९३७ विजय दशमिको हुवा था बचपन मे ही आपका ज्ञानपर बहुत प्रेम था स्वल्पावस्थामें ही आप संसार व्यवहार वाणिज्य व्यापारमें अच्छे कुशल थे सं. १९५४ मागशर वद १० को आपका विवाह हुवा था दरम्यान भी आपका बहुत हुवा था विशाल कुटुम्ब मातापिता भाइ काका कि आदि का त्याग कर २६ वर्ष कि युवाक वयमें सं. १९६३ चैत वद ६ को आपने स्थानकवासीयों में दीक्षा ली थी दशागम और ३०० थोकडे प्रकरण कंठस्थ कर ३० सूत्रोंकी वाचना करी थी तपश्चर्या एकान्तर छठ छठ मास क्षमण आदि करनेमें भी आप सूरवीर थे आपका व्याख्यान भी बडाही मधुर रोचक और असरकारी था शास्त्र अवलोकन करने से ज्ञात हुवा कि यह मूर्ति उत्थापकों का पन्थ स्वकपोल कल्पीत समुत्सम पेदा हुवा है। तत्पश्चात् सर्प कंचुक कि माफीक दुन्डकों का त्याग कर आप श्रीमान् रत्नविजयजी महाराज साहिब के पास ओसीयों तीर्थ पर दी क्षा ले गुरु आदेशसे उपकेश गच्छ स्वीकार कर प्राचीन गच्छका उद्धार कीया । स्वल्प समय में ही आपने दान्य पुरुषार्थ द्वारा जैन समाजपर बड़ा भारी उपकार कीया आप श्रीको ज्ञानका तो आग दर्जका प्रेम है जहा पधारते है वहा ही ज्ञानका उद्योत करते है

ओसीयों तीर्थ पर पाठशाला बोर्डींग कि क्रान्ति लायब्रेरी श्री रत्न प्रभाकर ज्ञान प्रभाकर भन्डार आदि में आपश्रीने मदद करी है फलोधी में श्री रत्नप्रभाकर ज्ञान पुष्पमाला संस्था-इसकी दुसरी शाखा ओसीयोंमें स्थापन करी जिन संस्थावों द्वारा जैन आगमों का तत्व ज्ञानमय आज ७७ पुष्प नीकल चुके हे जिन्की कीताबे १५२००० करीबन् हिंदुस्तान के सब विभागमें जनता कि सेवा बजा रही है इनके सिवाय जैनपाठशाला जैन लायब्रेरी आदि भी स्थापन करवाइ गइ थी हम शासन देवतावोंसे यह प्रार्थना करते है कि एसे पुरुषार्थी महात्मा चीरकाल शासन कि सेवा करते हमारे मरुस्थल देशमें विहार कर हम लोगोंपर सदैव उपकार करे । शम्

ढूंढकसंवाद भी आपने १००० ० पुस्तकें छपवाइ थी कूल १७६ ००	आपके चरणोपासक **इन्द्रचंद पारख—जोइन्ट सेक्रेटरी**

श्री जैन युवक मित्रमण्डल, आफीस—लोहावट (मारवाड)

मुनि श्री ज्ञानसुन्दरजी महाराज
जन्म स १९३७ विजयादशमी
स्थानकवासी दिक्षा स
जैन दिक्षा स १९७२
आनन्द प्रीन्टींग प्रेस-भावनगर
ग्राम नागोर स

रत्न परिचय.

परम योगिराज प्रातःस्मरणीय अनेक सद्गुणालकृत श्री श्री १००८ श्री श्री रत्नविजयजी महाराज साहिब ।

आपश्रीका पवित्र जन्म कच्छदेश ओसवाल ज्ञाति मे हुवा था आप बालपणासे ही निग्रन्थीक परमोपासक थे इस वास्ते बाल्यावस्थामें ही आपने पिताश्रीके साथ ससार त्याग किया था, अठारा वर्ष स्यालकोटसीमत में दीक्षा पाल सत्य मार्ग सशो-धन कर-शास्त्रविशारद जैनाचार्य श्रीमद्विजयधर्मसूरीश्वरजी महाराजके पास जैन दीक्षा धारण कर सस्कृत प्राकृतका अभ्यास कर जैनागमोंका अवलोकन कर आपश्रीने एक अच्छे गीतार्थकि पक्तिका प्राप्त करी थी आपश्रीने कच्छ, काठीयावाड, गुजरात, मालवा, मेवाड और मारवाडादि देशोंमें विहार कर अपनि अमृतमय देशनासे जन-ताको पान करवाते हुए अनेक जीवोंका उद्धार कीया था इतना ही नही किन्तु आबु गिरनारादि निवृत्ति स्थानों में योगाभ्यास कर जैनोंमे अनेक गइ हुइ चमत्कारी विद्यावों हासल कर कइ आत्मावों पर उपकार कीया था ।

आपका नि स्पृह सरल शान्त स्वभाव होनेसे जगत के गच्छगच्छान्तर-मत मतान्तरके झगडे तो आपसे हजार हाथ दूर ही रहते थे जैसे आप ज्ञानमें उच्चकोटीके विद्वान थे वेसे ही कविता करनेमें भी उच्चकोटीके आप कवि भी थे आपने अनेक स्त-वनों, सज्झायों चैत्यवन्दनों, स्तुतियों कल्प रत्नाकर टीका और विनति शतकादि रचके जैन समाजपर परमोपकार कीया था

आपको निवृत्तिस्थान अधिक प्रसन्न था । श्रीमदुपकेश गच्छाधिपति श्री रत्न-प्रभसूरीश्वरजी महाराजने उपकेशपट्टन (ओशीयों) में ३८४००० राजपुतोंको प्रतिबोध दे जैन बना कर प्रथम ही ओसवश स्थापन कीया था उस ओशीयों तीर्थपर आपश्रीने चतुर्मास कर अलभ्य लाभ प्राप्त कीया जैसे मुनि श्री ज्ञानसुन्दरजीको ढुन्ढकमतसे बचाके सवेगी दीक्षा दे उपकेश गच्छका उद्धार करवाया था फीर दोनों मुनिवरोंने इस प्राचीन तीर्थके जीर्णोद्धारमें मदद कर वहांपर जैन पाठशाला, बोर्डीग, श्री रत्नप्रभा-कर ज्ञान भंडार जैन लायब्रेरी स्थापन करी थी और भी आपको ज्ञानका बडा ही प्रेम

था आपश्रीके उपदेश द्वारा फलोधी में श्री रत्नप्रभाकर ज्ञानपुष्पमाला नामकि संस्था स्थापित हुइ थी आपश्रीने अपने पवित्र जीवनमें शासन सेवा बहुत ही करी थी केइ जगह जीर्णोद्धार पाटशालावोंके लिये उपदेश दीया था जिनोंकि उज्वल कीर्ति आज दुनियों में उच्च पदको भोगव रही है आपश्रीका जन्म सं १९३२ में हुआ सं १९४२ में स्थानकवासीयो में दीक्षा सं १९६० में जैन दीक्षा और सं १९७७ में आपका स्वर्गवास गुजरातके वापी ग्राममें हुवा है जहांपर आज भी जनताने स्मरणार्थ स्मारक मोजुद है एस निस्पृही महात्मावोंकी समाजमें बहुत आवश्यक्ता है

यह एक परम योगिराज महात्माका किंचित आपका परिचय कराते हम हमारी आत्माको अहोभाग्य समजते है समय पा के आपश्रीका जीवन लिख आपलोगोंकि सेवा में भेजनेकि मेरी भावना है शासनदेव उसे शीघ्र पूर्ण करे

I have the honour to be sir
Your most obedient slave
M Rakhchand Parekh S Collieries
Member Jain nava yuval mitra mandal
LOHAWAT

जन्म सं. १९३२

ढुंढक दीक्षा स १९४२

जैनदीक्षा १९६०

स्वर्गवास १९७७

मुनि महाराजश्री रत्नविजयजी महाराज

આનંદ પ્રેસ-ભાવનગર

यह बात किसीसे छीपी नहीं है कि आगम शिरोमणी परम प्रभाविक श्रीमत् भगवतीसूत्र जैन सिद्धान्तो में एक महत्वका सूत्र है चारों अनुयोग द्वारोंका महान् खजाना है इसके पठन पाठन के अधिकारी भी बहुश्रुति गीतार्थ मुनि ही है, तथपि अल्पश्रुत वालोंको सुगमतापूर्वक बोध होने के लिये कितनेक द्रव्यानुयोग विषयोंका सुगम रीती से थोकडा रुप में लिखकर अन्य २ शीघ्र बोध भागो में प्रकाशित किये है जिनकी सूचि यहां दी जाती है की कोइ भी विषयको देखना हो तो सुगमतापूर्वक देख सके

नंबर	श्री भगवतीसूत्र	थोकडो में विषय	शीघ्रबोध के किस भाग में है
१	श० १ उ० १	चलमाणे चलिय	भाग २५
२	श० १ उ० १	नरकादि ४८ द्वार	,, २८
३	श० १ उ० १	ज्ञानादिप्रश्न	,, २८
४	श० १ उ० २	देवोत्पातके १४ बोल	,, १
५	श० १ उ० ३	कांक्षामोहनीय	,, १६
६	श० १ उ० ३	,,	,, १६
७	श० १ उ० ४	अस्ति अधिकार	,, २८
८	श० १ उ० ४	वीर्याधिकार	,, २८
९	श० १ उ० ५	कषाय	,, ९
१०	श० १ उ० ६	सूर्योदय	,, २८
११	श० १ उ० ७	नरकादि	,, २५
१२	श० १ उ० ७	गमन	,, २५
१३	श० १ उ० ८	आयुष्यबन्ध	,, १६
१४	श० १ उ० ९	अगरूलघु	,, १६
१५	श० २ उ०१०	पचास्तिकाय	,, १६
१६	श० ३ उ० ३	चौभंगी ४९	,, १६
१७	श० ५ उ० ८	परमाणु	,, ८
१८	श० ५ उ० ८	क्रियमान	,, ९

अभी तक श्री भगवतीजी सूत्र का विषय लिखना बाकी रह गया है वह जैसे जैसे प्रकाशित होगा वैसे वैसे इस अनुक्रमणिका को साथमें मीला दीया जावेगा ताके सब साधारण को सुविधा रहै

अन्तमें हम नम्रतापूर्वक यह निवेदन करना चाहते है कि छद्मस्थों में त्रूटीये रहनेका स्वाभावीक नियम है तदानुसार अगर प्रेस कोपी करते या प्रुफ सुधारते समय दृष्टिदोष या मतिदोष रह गया हो तो आप सज्जन उसे सुधार के पढे और ऑफीस में सूचना करेंगे तो हम सहर्ष उपकार के साथ स्वीकार कर अन्यावृत्ति में उसे सुधार देंगे इति अस्तु कल्याणमस्तु । शान्ति ३

आपका,

मेघराज मुनोत

फलोदी (मारवाड)

विषयानुक्रमणिका

शीघ्रबोध भाग १० वा

श्री सिद्धसूरीश्वर सद्गुरुभ्यो नमः

अथ श्री

शीघ्रबोध भाग ६ ठा.

थोकडा नम्बर ६४ वां

श्री नन्दीजी सूत्रसे पांच ज्ञानाधिकार ।

ज्ञान—ज्ञान दो प्रकारके होते हैं (१) सम्यक्ज्ञान (२) मिथ्याज्ञान जिस्मे जीवादि पदार्थों को यथार्थ सम्यक् प्रकारसे जानना उसे सम्यक् ज्ञान कहते हैं और जीवादि पदार्थों को विपरीत जानना उसे मिथ्याज्ञान कहते हैं ॥ ज्ञानवर्णियकर्म और मोहनियकर्म के क्षोपशम होनेसे सम्यक्ज्ञान कि प्राप्ती होती है तथा ज्ञानवर्णिय कर्म का क्षोपशम और मोहनिय कर्म का उदय होने से मिथ्याज्ञान कि प्राप्ती होती है जैसे किसी दो कवियोंने कविता करी जिस्मे एक कविने ईश्वरभक्ति का काव्य रचा दुसराने शृंगार रस में 'महिला मनोहर माला' रची इस्मे पहले कविके ज्ञानावर्णिय और मोहनीय दोनों कर्मोंका क्षोपशम है और दुसरे कवि के ज्ञानावर्णिय कर्म का तो क्षोपशम है परन्तु साथमे मोहनिय कर्म का उदय भी है वास्ते पहले कवि का सम्यग् ज्ञान है और दुसरे का मिथ्याज्ञान है । इन दोनों प्रकार के ज्ञानके अन्दर

मैं यहापर सम्यक् ज्ञान का ही विवेचन करुंगा इसके अन्तर्गत आत्मीक ज्ञान के साथ ओर व्यवहारीक ज्ञान का समावेस भी हो सक्ता है।

ज्ञान पञ्च प्रकार के है यथा मतिज्ञान, श्रुतिज्ञान अवधि ज्ञान मन पर्यवज्ञान, केवलज्ञान इन पाचो ज्ञान को सक्षिप्त से कहा जाय तो दो प्रकारके है (१) प्रत्यक्षज्ञान (२) परोक्षज्ञान जिस्मे प्रत्यक्ष ज्ञान क दो भेद है इन्द्रिय प्रत्यक्षज्ञान, नोइन्द्रिय प्रत्यक्षज्ञान जिस्मे भी इन्द्रिय प्रत्यक्ष ज्ञान का पाच भेद है (प्रत्येक इन्द्रियों द्वारा पदार्थ का ज्ञान होना) यथा-

(१) श्रोतेन्द्रिय प्रत्यक्षज्ञान-शब्द श्रवणसे ज्ञान होना कि यह अमुक शब्द है

(२) चक्षुइन्द्रिय प्रत्यक्षज्ञान-रूप देखनेसे ज्ञान होना कि यह अमुक रूप है

(३) घ्राणेन्द्रिय प्रत्यक्षज्ञान-गन्ध लेने से ज्ञान होना कि यह अमुक गन्ध है

(४) रसेन्द्रिय प्रत्यक्षज्ञान-रस स्वादन करने से ज्ञान होना कि यह अमुक रस है

(५) स्पर्शेन्द्रिय प्रत्यक्षज्ञान-स्पर्श करनासे ज्ञान होना कि यह अमुक स्पर्श है

दुसरा जो नो इन्द्रिय प्रत्यक्ष ज्ञान है वह भूत भविष्य काल कि बात हस्तामल कि माफीक ज्ञान मके उनके तीन भेद है (१) अवधिज्ञान, (२) मन पर्यवज्ञान (३) केवलज्ञान जिस्मे अवधिज्ञान के दो भेद है (१) भवप्रत्य (अपेक्षा) (२) क्षोपशमप्रत्य, भवप्रत्यतो नरक और देवताओं को होते है जैसे नरकमें या देवतों में जीव उत्पन्न होता है वह सम्यग्दष्टि हो तो निश्चय अवधिज्ञानी होता है और मिथ्यादष्टि हो तो विभंगज्ञानी होता है और दुसरा जाक्षोपशमप्रत्ययी मनुष्य और तीर्यंच पाचेन्द्रियको अच्छे अध्यव

सायों के निमत्त कारण ज्ञानावर्णिय कर्म के क्षोपशमसे अवधिज्ञान होता हैं तथा गुणप्रतिपन्न अनगार को अनेक प्रकार कि तपश्चर्यादि करने से अवधिज्ञान उत्पन्न होता है जिस्के भेद असंख्याते है परन्तु यहापर संक्षिप्तसे छे भेद कहते है.

(१) अनुगामिक-जहापर जाते हो वहांपर ही ज्ञान साथमें चले।

(२) अनानुगामिक-जीस जगाहा ज्ञान हुवा हो उसी जगहा रहै।

(३) वृद्धमान-उत्पन्न होने के बाद सदैव वढता ही रहै।

(४) हीयमान-उत्पन्न होने के बाद कम होता जावे।

(५) प्रतिपाति-उत्पन्न होंने के बाद पीच्छा चला जावे।

(६) अप्रतिपाति उत्पन्न होने के बाद कभी नही जावे।

विस्तारार्थ-अनुगामिक अवधिज्ञान जैसे कीसी मुनि को अवधिज्ञान उत्पन्न हुवा हो उस्के दो भेद हैं अंतगयं और मझगयं उस्मे भी अतगयं के तीन भेद है आगके प्रदेशों से पीच्छेके प्रदेशों से पासवाडे के प्रदेशों से जैसे दृष्टान्त-कोइ पुरुष अपने हाथमें दीवा मणि चीराख लालटेनादि आगे के भागमें रख चलता हो तो उस्का प्रकाश आगे के भागमें पडेगा इसीं माफीक पीच्छाडी रखनेसे पीच्छाडी प्रकाश पडेगा और पसवाडे रखनेसे प्रकाश पसवाडे मे पडेगा इसी माफीक जोस जीस प्रदेशों के कर्मदल दूर हुवा है उस उस प्रदेशों से प्रकाश हो सर्व रूपी पदार्थों को अवधिज्ञान द्वारा ज्ञान सकेगा, और जो 'मझगयं' अवधिज्ञान है वह जैसे कोइ आदमि दीपक चीराख मणी-आदि मस्तकपर रखे तो उस्का प्रकाश चौतर्फ होगा इसी माफीक मध्य ज्ञानोत्पन्न होनेसे वह चौतरफ के पदार्थों को जान सकेगा यह अनुगामिक ज्ञान का स्वभाव है कि वह जहा जावे वहा साथमें चले।

अनानुगामिक अवधिज्ञान जेसे कोइ मनुष्य एक सीघडीमें

अग्नि लगाइ हो वह जहापर मागडी रखी हो वहा पर उसका ताप प्रकाश होगा इसी माफीक अवधिज्ञानोत्पन्न हुवा है वहा बैठा हुवा अवधिज्ञान द्वारा संख्याते योजन असंख्याते योजन के क्षेत्र में संबन्धवाले असंबन्धवाले पदार्थो को ज्ञान सकेगा परन्तु उस स्थानसे अन्य स्थानपर जाने के बाद कीसी पदार्थ को नही जानेगा अनानुगामिक अवधिज्ञान का स्वभाव है कि वह दुसरी जगाह सायमें न चाले उत्पन्न क्षेत्रमे ही रहै।

वृद्धमान अवधिज्ञान-प्रशस्ताध्यवसाय विशुद्धलेश्या अच्छे परिणामवाले मुनि को अवधिज्ञान होने के बाद चो तरफसे वृद्धि होती रहै जैसे जघन्य सूक्ष्म निलण फूलके जीवों के तीसरे समय के शरीर जीतना, उत्कृष्ट सपूर्ण लोकतया लोक जैसे असख्यात खंडवे अलोकमें भी जाने इसपर काल और क्षेत्र कि तुल्नाकर बतलाते है कि कीतने क्षेत्र देखनेपर वह ज्ञान कीतने काल रह सके। कालसे आवलिकाके असंख्यात भाग तकका ज्ञान हो तो क्षेत्र से आंगुलके असख्यात में भागका क्षेत्र देखे एवं दोनोंके सख्यातमें भाग आवलिकामें कुच्छ न्युन हो तो एक आगुल पुर्णावलिका हो तो प्रत्येकांगुल महुर्त हो तो एक हाथ एक दिन हो तो एक गाउ प्रत्येक दिन हो तो एक योजन एक पक्ष हो तो पचवीस याजन एक मास होतो भरतक्षेत्र, प्रत्येक मास होतो जबुद्विप, एक वर्ष होतो मनुष्यलोक, प्रत्येक वर्ष होतो रूचकद्विप, सख्यातो काल होतो सख्याताद्विप, असख्यातो काल होतो, सख्याते असख्याते द्विप तात्पर्य एक कालकि वृद्धि होनेसे क्षेत्र द्रव्य भावकि आवश्य वृद्धि होती है क्षेत्रकि वृद्धि होनेसे कालकि वृद्धि स्यात् हो या नभी हो और द्रव्य भावकि आवश्य वृद्धि हो, द्रव्यकि वृद्धि होनेमे कालक्षेत्रकि भजना और भावकि अवश्य वृद्धि हो भावकि वृद्धि होनेमे द्रव्य क्षेत्र कालकि अवश्य वृद्धि होती है द्रव्य क्षेत्र काल भावमें सूक्षम बादरकि तरतमता काल बादर है जिनसे सूक्षम

क्षेत्र है कारण सूची अग्रभागमें जो आकाश प्रदेश है उसे प्रत्येक समय एकेक प्रदेश निकाले तो असंख्यात सर्पिणी उत्सर्पिणी पुरी होजाये, क्षेत्रसे द्रव्य सूक्ष्म है कारण एक प्रदेशके क्षेत्रमें अनंते द्रव्य हैं द्रव्यसे भाव सूक्ष्म है कारण एक द्रव्यमें अनंत पर्याय है

हयमान अवधिज्ञान-उत्पन्न होनेके बाद अविशुद्ध अध्यव साय अप्रशस्त लेश्या खराब परिणाम होनेसे प्रतिदिन ज्ञान न्युनता होता जावे

प्रतिपाति अवधिज्ञान होनेके बाद कीसी कारणोंसे वह पीच्छा भी चला जाता है वह ज्ञान कितने विस्तारवाला होता है वह बतलाते है यथा आंगुलके असंख्यातमें भागका क्षेत्र को जाने संख्यातमें भागके क्षेत्रको जाने एवं बालाग्र, प्रत्येक बालाग्र लीख, प्रत्येकलिख, जू प्र०जू जॅव प्र०जव, अंगुल प्र०आंगुल, पाद प्र० पाद, वेहाथ प्र०वेहाथ, कुक्षि प्र०कुक्षि, धनुष्य प्र०धनुष्य, गाउ-प्र० गाउ, योजन प्र०योजन सोयोजन प्र०सोयोजन, सहस्रयोजन प्र० सहस्रयोजन, लक्षयोजन प्र०लक्षयोजन, क्रोडयोजन प्र०क्रोडयोजन क्रोडाक्रोडयोजन प्र०क्रोडाक्रोडयोजन संख्यातेयोजन, असं ख्याते योजन उत्कृष्ट सम्पूर्ण लोकके पदार्थको जानके पीच्छ पडे अर्थात् वह ज्ञान पीच्छा चला जावे उसे प्रतिपाति अवधिज्ञान कहा जाता है।

अप्रतिपाति अवधिज्ञान उत्पन्न होनेके बाद कभी न जावे परन्तु अन्तर महूर्त के अन्दर केवलज्ञान प्राप्त कर लेता है इन छे भेदों के सिवाय प्रज्ञापना पद ३३ में और भी भेद लिखा हुवा है वह अलग थोकडा रूपमें प्रकाशित है।

अवधिज्ञानके संक्षिप्तसे च्यार भेद है द्रव्य क्षेत्र काल भाव

(१) द्रव्यसे अवधिज्ञान जघन्य अनंते रूपी द्रव्योंको जाने. उत्कृष्ट भी अनंते द्रव्य जाने कारण अनंते के अनंते भेद है

(२) क्षेत्रसे अवधिज्ञान जघन्य आगुलके असंख्यातमें भागका क्षेत्र और उ० सब लोक और लोक जैसे असख्यात खंडके अलोकमें भी ज्ञान सके वहा पर रूपी द्रव्य नही है।

(३) कालसे जघन्य आवलिकाके असख्यात भाग और उत्कृष्ट असख्याते सर्पिणि उत्सर्पिणि बातें को जाने

(४) भावसे ज० अनते भाव उ० अनते भाव जाने वह सर्व भावोंके अनते भाग है इति

(२) मन पर्यव ज्ञान-अढाइ द्विपके सज्ञी पाचेन्द्रिय के मनोगत भावको जानमके इस ज्ञानके अधिकारी-मनुष्य-गर्भज-कर्मभूमि-सख्यातेवर्षोंकेआयुष्यवाले-पर्याप्ता-सम्यग्दृष्टि-संयति-अप्रमत-ऋद्धिवान् मुनिराज है जिस मन पयव ज्ञानके दो भेद है (१) ऋजुमति (२) विपुलमति जिस्के भिन्नसे च्यार भेद है द्रव्य क्षेत्र काल भाव।

(१) द्रव्यसे-ऋजुमति मन पयव ज्ञान-अनते अनत प्रदेशी द्रव्य मनपणे प्रणमे हुये को जाने देखे और विपुलमति विशुद्धसे विस्तारसे जाने देखे।

(२) क्षेत्रसे ऋजुमति मन पर्यव ज्ञान उद्ध लोकमें ज्योतिषीयोंके उपरका तला तीर्यग्लोकमें अढाइद्विप दो समुद्रमें पदरा कर्मभूमी तीस अकर्म भूमी छपन अन्तरद्विपोके संज्ञी पाचेन्द्रिय के मनोगत भावोंको जाणे देखे विपुलमति इससे अढाइ अगुल क्षेत्र अधिक वह भी विशुद्ध और विस्तारसे जाने देखे।

(३) कालसे ऋजुमति मन पर्यव ज्ञान-ज० पल्योपम के असख्यातमें भागका कालको उ० भी पल्या० अस मे भागके कालकों जाने देखे विपुलमति विशुद्ध और विस्तार करके जाने देखे।

(४) भावसे ऋजुमति मन पर्यव ज्ञान-ज० अनते भाव उ०

अनते भाव सर्व भावोंके अनतमें भागके भावोको जाने देखे विपुलमति-विस्तार और विशुद्ध जाने देखे। इति।

(३) केवलज्ञान सर्व आत्मा के प्रदेशोंसे ज्ञानावर्णिय दर्शनावर्णिय मोहनिय अन्तराय यह च्यार घातिकर्म क्षय कर सर्व प्रदेशोंको निर्मल बनाके लोकालोकके भावों को समय समय हस्तामलकि माफीक जाने देखे जिस केवल ज्ञानका दो भेद है एक भव प्रत्ययी-मनुष्य भवमे तेरहवे चौदवे गुणस्थानवाले जीवों को होते है दुसरा सिद्ध प्रत्ययी सकल कर्म मुक्त हो सिद्ध हो गये है उनोके केवल ज्ञान है जिस्मे भव प्रत्यके दो भेद है सयोग केवली तेरहवे गुणस्थान दुसरा अयोग केवली चौदवे गुणस्थान दुसरा सिद्धोंके केवलज्ञानके दो भेद है एक अनतर सिद्ध जिस सिद्धोंके सिद्धपदवों एक समय हुवा है दुसरा परम्पर सिद्ध जिस सिद्धो को द्वि समयसे यावत् अनत समय हुवा हो अनन्तर परम्पर दोनो सिद्धोंके अर्थ सहित भेद शीघ्रबोध भाग दुसरेके अन्दर छप चूके है वहा देखो। पृष्ट ८० से।

संक्षिप्तसे केवलज्ञानके च्यार भेद है द्रव्य क्षेत्रकाल भाव।

(१) द्रव्यसे केवलज्ञानी सर्व द्रव्यको जाने देखे।

(२) क्षेत्रसे केवलज्ञानी सर्व क्षेत्रको जाने देखे।

(३) कालसे केवलज्ञानी सर्व कालको जाने देखे।

(४) भावसे केवलज्ञानी सर्व भावको जाने देखे।

इति केवलज्ञान इति नोइन्द्रिय प्र० ज्ञान इति प्रत्यक्षज्ञान।

सेवं भंते सेवं भंते-तमेव सचम्

—✻—

थोकडा नंबर ६५ वा

(परोक्षज्ञान)

(२) परोक्ष ज्ञानके दो भेद है मतिज्ञान श्रुतिज्ञान, जिस्मे मतिज्ञान मनविचारणा बुद्धिप्रज्ञा मनन करनेसे होता है और श्रुतिज्ञान श्रवण पठन पाठन करनेसे होता है जहा मतिज्ञान है वहा निश्चय श्रुतिज्ञान भी है जहा श्रुतिज्ञान है वहा निश्चय मतिज्ञान भी है कारण मति विगर श्रुति हो नही सक्ता है और श्रुति विगर मति भी नही होती है सम्यग्दष्टि की मति निर्मल होनेसे मतिज्ञान कहा जाता है और मिथ्यादष्टि की विषम मति होनेसे तथा मोहनिय कर्मका प्रबलोदय होनेसे मति अज्ञान कहा जाता है इसी माफीक श्रुतिज्ञान भी सम्यग्दष्टियों के तत्व रमणता तत्व विचार में यथाथ श्रवण पठन पाठन होनेसे श्रुति ज्ञान कहा जाता है और मिथ्यादष्टियों के मिथ्यात्व पूर्वक मिथ्या श्रद्धना होनेसे श्रुति अज्ञान कहा जाता है सम्यग्दष्टि के सम प्रवृति समविचार समतत्व होनेसे उसको मति श्रुतिज्ञानवन्त और मिथ्या दष्टि कि मिथ्या प्रवृति मिथ्या विचार मिथ्या तत्व होनेसे मति अज्ञान श्रुति अज्ञान कहा जाता है

मतिज्ञान के दो भेद है एक श्रवण करने कि अपेक्षा याने श्रवण करके मतिसे विचार करनेसे दुसरा अश्रवण याने बुद्धि बलसे विचार करनेसे मतिज्ञान होता है जिस्मे अश्रवण के च्यार भेद है

(१) उत्पातिका बुद्धि-विगर सुनी विगर देखी वातों या प्रश्नोंको उत्तर देना
(२) विनयसे बुद्धि—गुरवादिके विनय भक्ति करनेसे प्राप्त हुइ बुद्धि

(३) कर्मसे बुद्धि—जैसे जैसे कार्य करे वैसी बुद्धि प्राप्त हो
(४) पारिणामिका—जैसी अवस्था होती जाती है या अवस्था बढती है वैसी बुद्धि हो जाती है

इन च्यारो बुद्धियोंपर अच्छी बोधकारक कथायों नन्दी सूत्रकि टीकामें है यह खासकर श्रवण करनेसे बुद्धि प्राप्त होती है श्रवण करनेकि अपेक्षा मतिज्ञानके च्यार भेद है

(१) उगृहा—शीघ्रताके साथ पदार्थोंका गृहन करना
(२) ईहा—गृहन कीये हुये पदार्थ का विचार करना
(३) आपय—विचारे हुये पदार्थ में निश्चय करना
(४) धारणा—निश्चय किये हुय पदार्थों को धारण कर रखना।

उगृह मतिज्ञान के दो भेद है अर्थ ग्रहन, व्यञ्जन ग्रहन जिस्मे व्यञ्जन ग्रहनके च्यार भेद है व्यञ्जन कहते है पुद्ग लोंको) श्रोत्रेन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय रसेन्द्रिय स्पर्शेन्द्रिय इन च्यारों इन्द्रियों को स्व स्व विषयके पुद्‌गल मिलनेसे मतिसे ज्ञान होता है कि यह पुद्‌गल इष्ट है या अनिष्ट है तथा चक्षु इन्द्रियको पुद्‌गल ग्रहनका अभाव है चक्षु इन्द्रिय अपनेसे दुर रहे हुये पुद्‌गलों को देखके इष्ट अनिष्ट पदार्थका ज्ञान कर सक्ती है इस वास्ते इसे व्यञ्जन ग्रहनमें नही मानी है दुसरा जो अर्थग्रहन है उस्के छे भेद है

(१) श्रोत्रेन्द्रिय अर्थ ग्रहन—शब्द श्रवणकर उस्के अर्थका ज्ञान करना
(२) चक्षु इन्द्रिय अर्थ ग्रहन रूप देख उसके अर्थका ज्ञान करना
(३) घ्राणेन्द्रिय अर्थग्रहन—गन्ध सुंधनेसे उस्के अर्थको ग्रहन करना

(४) रसेन्द्रिय अर्थग्रहन—स्वादन करनेसे उस्के अर्थ को ग्रहन करना

(५) स्पर्शेन्द्रिय अर्थ ग्रहन—स्पर्श करनेसे उस्के अर्थको ग्रहन करना

(६) मन अर्थ ग्रहन—मन पणे पुद्गल प्रणमनेसे उस्के अर्थको ग्रहन करना

इन छहा अथ ग्रहनका मतलब तो एक ही है परन्तु नाम उच्चारण भिन्न भिन्न है जिस्के पाच भेद हैं—अर्थको ग्रहन करना अर्थको स्थिर करना अथको सावधानपणे संभालना अथके अन्दर विचार करना और अर्थका निश्चय करना। इसी माफीक ईहा नामये मतिज्ञानका भी श्रोतादि छे भेद है परन्तु पाच नाम इस माफीक है विचारमें प्रवेश करे विचार करे अर्थ गवेषना करे अर्थ चिंतवण करे भिन्न भिन्न अर्थमें विमासण करे। इसी माफीक आपाय मतिज्ञान के भी श्रोतादि छे भेद है परन्तु पांच नाम इस माफीक हैं अथका निश्चय करे चिंतवनका निश्चय करे विशेष निश्चय करे बुद्धि पूर्वक निश्चय करे विज्ञान पूर्वक निश्चय करे इसी माफीक धारणा मतिज्ञान के भी श्रोतादि छे भेद है परन्तु पाच नाम इस प्रकार हैं निश्चत किये हुवे अर्थ को धारण करना चीरकाल स्मृतिमे रखना हृदय कमलमें धारण करना विशेष विस्तारपूर्वक धारण करना, जेसे कोठारमें रखा हुवा अनाज कि माफीक जाबते के साथ धारण कर रखना यह सब मतिज्ञान के विशेष भेद है उग्रह मतिज्ञान कि स्थिति एक समयकी है ईहा ओर अपाय कि स्थिति अन्तरमुहुर्त कि है और धारण कि स्थिति सख्यातकाल (मनुष्यापेक्षा) असख्याते काल (देवापेक्षा) की है एव अश्रवणापेक्षा ४ ओर श्रवणापेक्षा २४ मीलाके मतिज्ञान के २८ भेद होते है

तथा कर्मग्रन्थमें इन अठावीस प्रकारके मतिज्ञानकों बारह

ह प्रकारसे बतलाये है यथा-बहु अल्प, बहुविध, एकविध, त, चीर, अनिश्रीत निश्रित, सन्दिग्ध, असन्दिग्ध, ध्रुव अध्रुव,-रण जैसे शख नगारा झालर आदि बाजत्रके शब्दों में से पशमकी विचित्रताके कारणसे कोइ जीव बहुतसे बाजिंत्रोंके दोंको अलग अलग सुनते है १ कोइ जीव स्वल्प हा सुनते है २ जीव उन बाजींत्रोंके स्वर तालादि बहुत प्रकारसे जानते है ३ कोइ जीव मद्दतासे सब शब्दोंको एक बाजिंत्रही जानते है ४ इ जीव शीघ्र-जलदीसे सुनता है ५ कोइ जीव देरीसे सुनता द कोइ जीव ध्वजाके चिन्हसे देवमन्दिरको जानता है ७ इ जीव बिगर पत्ताका अर्थात् बिगर चिन्हसे ही वस्तुको जान ना है ८ कोइ जीव सशय सहित जानता है ९ कोइ जीव सशय हित जानता है १० कोइ जीवको जसा पहला ज्ञान हुवा है सा ही पीछे तक रहता है उसे ध्रुवज्ञान कहते है ११ कोइ जीवको हले और पीच्छे में न्यूनाधिकपणेका विशेषपणा रहता है एव को १२ गुणा करनेसे ३३६ तथा अश्रुत निश्रितके ४ भेद लाा देनेसे ३४० भेद मतिज्ञानके होते है इनके सिवाय जाति-मरणादि ज्ञान जो पूर्व भव सबन्धी ज्ञान होना यह भी मति ानका ही भेद है एसे विचित्र प्रकारका मतिज्ञान है जावोंको सा जैसा क्षयोपशम होता है वैसी वैसी मति होती है।

मतिज्ञानपर शास्त्रकारोंने दो दृष्टान्त भी फरमाया है यथा क पुन्यशाली पुरुष अपनी सुखशय्याके अन्दर सुता हुवाथा से कीसी दुसरा पुरुषने पुकार करी उसके शब्दके पुद्गल सुते ये पुरुष के कानोंमें पडे वह पुद्गल न एक समयके स्थितिके थे ावत् न सख्याते समयेकि स्थितिके थे किन्तु असख्याते सम कि स्थितिके पुद्गल थे अर्थात् बोलनेमे असख्यात समय लगते है दनन्तर वह पुद्गल कानोंमें पडने को भी असख्यात समय चाहिये। सुता हुवा पुरुष पुद्गलोंको ग्रहन किया उसे 'उगृहमतिज्ञान' कहते

है फीर विचार किया कि मुझे कोन पुकारता है उसे 'ईहामति ज्ञान' कहते है बाद में निश्चय कियाकि अमुक मनुष्य मुझे पुकारता है उसे 'आपायमतिज्ञान' कहते है उस पुकारकोस्वरुप या चीरकाळ स्मरणमें रखना उसे 'धारणामति ज्ञान' कहते है जैसे यह अव्यक्त पणे शब्द श्रवण कर च्यारों भेदासे निश्चय किया इसी माफीक अव्यक्तपणे रूप देखनेसे गन्ध सुंघनेसे स्वाद लेनेसे स्पर्श करनेसे और स्वप्न देखनेसे भी समझना। दुसरा दृष्टान्त कीतने पुद्गल कानोंमें जानेसे मनुष्य पुद्गलोंका ज्ञान सकते है ? जैसे कोइ मनुष्य कुंभारके यहांसे एक नया पासलीया (मट्टीका बरतन) लावे उसमे एक एक जलबिन्दु प्रक्षेप करे तब वह पासलीया पुरण तोरसे परिपूर्ण भरजाय तब उस पासलीयोंसे जलबिन्दु बाहार गीरना शरू हो, इसी माफीक बोलनेवालेके भाषाद्वारा निकले हुवे पुद्गल श्रवण करनेवालेके कानोंमें भरते भराते श्रोत्रेन्द्रिय विषय पूर्ण पुद्गल आजावे तब उसे मालुम होती है कि मुझे कोइ पुकारता है इसी माफीक पांचों इन्द्रिय-स्व-स्व विषय के पुण पुद्गल ग्रहन करनेसे अपनी अपनी विषयका ज्ञान होता है इसी माफीक स्वप्नेके भी समज लेना

मतिज्ञानके संक्षिप्त च्यार भेद है द्रव्य क्षेत्र काल भाव।

(१) द्रव्यसे मतिज्ञान-संक्षिप्त सब द्रव्य जाने किन्तु देखे नहीं

(२) क्षेत्रसे मतिज्ञान -संक्षिप्तसे सर्व क्षेत्र जाने पण देखे नहीं

(३) कालसे मतिज्ञान--संक्षिप्तसे सर्व काल जाने परन्तु देखे नहीं

(४) भावसे मतिज्ञान-संक्षिप्तसे सर्व भाव जाने परन्तु देखे नहिं।

कारण मतिज्ञान है सो देशज्ञान है मनन करनेसे सामान्य प्रकारसे सर्व द्रव्यादिको जान सके परन्तु अपासणीया उपयोग होनेसे देख नही सके इति ।

सेवभंते सेवभंते तमेवसचम्

—✻—

थोकडा नम्बर ६६

(परोक्ष श्रुतिज्ञान)

श्रुतिज्ञान—सामान्यापेक्षा पठन पाठन श्रवण करनेसे होते है या अक्षरादि है यह भी श्रुतिज्ञान है श्रुतिज्ञानके १४ भेद है

(१) अक्षर श्रुतिज्ञान जिस्का तीन भेद है (१) आकारादि अक्षर कि संज्ञा स्थानोपयोगमयुक्त उच्चारण करना (२) हस्य दीर्घ उदात्त अनुदात्तादि शुद्ध उच्चारण (३) लब्धिअक्षर इन्द्रियजनित जैसे अनेक जातिके शब्द श्रवण कर उससे भिन्न भिन्न शब्दोंपर ज्ञान करना एव अनेक रूप गन्ध रस स्पर्श तथा नोइन्द्रिय-मन से पदार्थ का जानना इसे अक्षरश्रुति ज्ञान कहते है।

(२) अनाक्षर श्रुतिज्ञान कीसी प्रकार के चन्ह-चेष्टा करनेसे ज्ञान होता है जैसे मुह मचकोडना नेत्रों से स्नेह या कोप दर्शाना, सिर हीलाना, अगुली से तरजना करना हाँसी खासी छींक उबासी डकार अनेक प्रकार के वाजित्रादि यह सब अनाक्षर श्रुतिज्ञान है।

(३) संज्ञी श्रुतिज्ञान, संज्ञी पाचेन्द्रिय मनवाले जीवों को होते है जिस्के तीन भेद है (१) दीर्घकाल=स्वमत्त परमत्त के

श्रुति ज्ञान पर दीघकालका विचार करना तथा श्रुतिज्ञान द्वारा निश्चय करे (२) हेतुवाद=हितोपदेशादि श्रवण कर श्रुतिज्ञान प्राप्त करना (३) दृष्टिवाद=द्वादशांगी अन्तर्गत दृष्टिवाद अङ्ग को पठन पाठन कर श्रुतिज्ञान हासल करे इसको सज्ञी श्रुतिज्ञान कहते है।

(४) असज्ञी श्रुतिज्ञान-मन और संज्ञीपणे क अभाव एसे पचेन्द्रिसे असज्ञी पांचेन्द्रिय के जीवों को होता है वह अव्यक्तपणे संज्ञा मात्र से ही प्रवृति करते है जिस्के तीन भेद है स्वल्प काल कि संज्ञा अहेतुवाद अदृष्टिवाद याने सज्ञीसे विप्रीत समझना।

(५) सम्यक् श्रुतिज्ञान-श्री सर्वज्ञ वीतराग-जिन-केवली-अरिहन्त-भगवान प्रणित स्याद्वाद तत्व विचार-षट्द्रव्य नय निक्षेप प्रमाण द्रव्य गुण पर्याय परस्पर अविरूद्ध श्री तीर्थंकर भगवान् त्रिलोक्य पूजनीय भव्य जीवों के हितके लिये अर्थरूप फरमाइ हुइ वाणि जिस्को सुगमता के लिये गणधरोंने सूत्र रूपसे गुंथी और पूर्व महा रूषियोंने उसपर विवरणरूप रची हुइ पांचांगी उसे सम्यक्सूत्र कहते है या चौदा पूर्वधरो के रचित तथा अभिन्न दश पूर्वधरों के रचित ग्रन्थों को भी सम्यक् श्रुतिज्ञान कहते है। उस्के नाम आगे लिखेंगे।

(६) मिथ्याश्रुतिज्ञान-असर्वज्ञ सरागी छदमस्त अपनि बुद्धि से स्वउदे परस्पर विरूद्ध जिस्मे प्राणवधादि का उपदेश स्वार्थ पोषक हटकदाग्रह रूप जीवों के अहितकारी जो रचे हुवे अनेक प्रकार के कुराणपूराण ग्रन्थ है उनमें जीवादि का विप्रीत स्वरुप तथा यज्ञ होम पिंडदान रूतुदान प्राणवधादि लोक अहित कारक उपदेश हो उसे मिथ्याश्रुतिज्ञान कहते है।

(क) सम्यग्दृष्टियों के सम्यक्सूत्र तथा मिथ्यासूत्र दोनों सम्यग् श्रुतिज्ञानपणे प्रणमते है कारण वह सम्यग्दृष्टि होनेसे जैसी वस्तु हो उसे वैसी ही श्रद्धता है और मिथ्यादृष्टियोंके सम्यगसूत्र

तथा मिथ्यासूत्र दोनों मिथ्याश्रुति ज्ञानपणे प्रणमते है कारण उसकी मति मिथ्यात्वसे भ्रमित है वास्ते सम्यगसूत्र भी मिथ्यात्व पणे प्रणमते है जैसे जमालि आदि निन्हवोंके वीतरागों कि वाणी मिथ्यारूप हो गइ थी और भगवान् गौतम स्वामिके च्यार वेद अठारे पुराण भी सम्यक्रूपणे प्रणमिये थे कारण वह उनके भावों को यथार्थपणे समज गये थे इत्यादि

(७) सादि (८) सान्त (९) अनादि (१०) अनान्त= श्रुतिज्ञान विरहकालापेक्षा भरतादि क्षेत्रमें सादि सान्त है और अविरह कालापेक्षा महाविदेह क्षेत्रमें अनादि अनान्त है जिस्के संक्षिप्त से च्यार भेद है यथा द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव। जिस्मे द्रव्यापेक्षा एक पुरुषापेक्षा श्रुतिज्ञान सादि सान्त है और बहुत पुरुषापेक्षा अनादि अनान्त है क्षेत्रापेक्षा पांच भरत पांच परेरवतापेक्षा सादि सान्त है महा विदेहापेक्षा अनादि अनान्त है। कालापेक्षा उत्सर्पिणि अवसर्पिणि अपेक्षा सादि सान्त है और नोसर्पिणि नोउत्सर्पिणि अपेक्षा अनादि अनान्त है। भावापेक्षा जिन प्रणित भाव द्वादशागी सामान्यविशेष उपदेश निर्देश परूपणा है वह तो सादि सान्त है और क्षोपशम भावसे जो श्रुति ज्ञान प्राप्त होता है वह अनादि अनान्त है तथा भव्यसिद्धी जीवों कि अपेक्षा सादि सान्त है और अभव्य जीवों कि अपेक्षा अनादि अनान्त है।

(११) श्रुतिज्ञान के अभिभाग पलिच्छेद (पर्याय) अनत है जैसे कि एक अक्षर कि पर्याय कीतनी है कि सर्व आकाशप्रदेश तथा धर्मास्तिकायादि कि अगुरु लघुपर्याय जीतनी है। सूक्ष्म निगोद के जीवों से यावत् स्थुल जीवों के आत्मप्रदेश में अक्षर के अनन्तमें भाग श्रुतिज्ञान सदैव निर्मल रहता है अगर उसपर कर्मदल लग जावे तो जीवका अजीव हो जावे परन्तु एसा न तो भूतकाल में हुवा न भविष्य कालमें होगा इस वास्ते ही सिद्धान्तकारोंने

कहा है कि जीवों के आठ रूचक प्रदेश सदैव निर्मल रहते है वहा कमदल नहीं लगते है यह ही चैतन्यका चैतन्यपणा है जैसे आकाश में चन्द्र सूर्य कि प्रभा प्रकाश करती है पश्चात् उस को महामेघ-वादले उस प्रभा के प्रकाश को झाकासा बना देते है तथपि उस प्रकाश को मूलसे नष्ट नही कर सकते है बादल दूर होने से वह प्रभा अपना सपुरण प्रकाश कर सक्ती है इसी माफीक जीवके चेतन्यरूप प्रभा का प्रकाश को कर्मरूप बदल झाकासा बना देते है तथपि चैतन्यता नष्ट नही होती है कर्म दल दुर होने से वह ही प्रभा अपना सपुरण प्रकाश को प्रकाशित कर सक्ती है।

(११) गमिक श्रुतिज्ञान-दृष्टिवादादि अगमें एकसे अलावे अर्थात् सदश सदश बाते आति हो उसे गमिक श्रुतिज्ञान कहते है।

(१२) अगमिक श्रुतिज्ञान-अग उपागादि में भिन्न भिन्न विषयोंपर अलग अलग प्रबन्ध हो उसे अगमिक श्रुतिज्ञान कहते है जैसे ज्ञातासूत्रमें पचवीस क्रोड कथाओं थी जिस्मे साढा पचवीस क्रोड तो गमिक कथाओं जो कि उस्मे ग्राम नाम कार्य संबन्ध एकासाही था ओर साढातीन क्रोड कथायो अगमिक थी इसी माफीक और आगमोमे भी तथा दृष्टिवादागमें भी समजना

(१३) अग श्रुतिज्ञान-जिस्मे द्वादशागसूत्र ज्ञान है

(१४) अनाग श्रुतिज्ञान-जिस्के दो भेद है (१) आवश्यक सूत्र (२) आवश्यकसूत्र वितिरिक्तसूत्र जिस्मे आवश्यकसूत्र के छे अध्ययन रूप छे विभाग है यथा सामायिक, चउवीसत्य, वन्दना, पडिक्रमण काउसग्ग पच्चखाण और आवश्यक वितिरिक्त सूत्रोंके दो भेद है एककालिकसूत्र जो लिखते समय पहले या चरम पेहर में समाप्त किये गये थे दुसरे उत्कालिक जो दुसरी तीसरी पेहरमें समाप्त कीये गये थे

कालिक सूत्रोंके नाम इसमुजब है

(१) श्री उतराध्ययनजी सूत्र
(२) श्री दशाश्रुतस्कन्धजी सूत्र
(३) श्री बृहत्कल्पजी सूत्र
(४) श्री व्यवहारजी सूत्र
(५) श्री निशिथजी सूत्र
(६) श्री महानिशिथजी सूत्र
(७) श्री ऋषिभाषित सूत्र
(८) श्री जम्बुद्विप प्रज्ञप्ति सूत्र
(९) श्री द्विपसागर प्रज्ञप्ति सूत्र
(१०) श्री चन्द्रप्रज्ञप्ति सूत्र
(११) श्री क्षुल्कवैमान प्रवृति "
(१२) श्री महा वैमान प्रवृति
(१३) श्री अङ्गचूलिका सूत्र
(१४) श्री वङ्गचूलिका सूत्र
(१५) श्री विवाहाचूलिका सूत्र
(१६) श्री आरूणोत्पातिक सूत्र
(१७) श्री गारूडोत्पातिक सूत्र
(१८) श्री धरणोत्पातिक सूत्र
(१९) श्री वैश्रमणोत्पातिक सूत्र
(२०) श्री वैलंधरोत्पातिक सूत्र
(२१) श्री देवीन्द्रोत्पातिक सूत्र
(२२) श्री उस्थान सूत्र
(२३) श्री समुस्थान सूत्र
(२४) श्री नागपरिआवलिका
(२५) श्री निरयावलिका सूत्र
(२६) श्री कप्पयाजी सूत्र
(२७) श्री कप्पवडिंसिया सूत्र
(२८) श्री पुप्फीयाजी सूत्र
(२९) श्री पुप्फचूजी सूत्र
(३०) श्री वणियाजी सूत्र
(३१) श्री विन्हीदशा सूत्र
(३२) श्री आसीविष भावना "
(३३) श्री दृष्टिविष भावना "
(३४) श्री चरणसुमिण भावना "
(३५) श्री महासुमिण भावना "
(३६) श्री तेजस निसर्गसूत्र
प्रसंगोपात श्री
(३७) श्री वेदनीशतक (व्या०)
(३८) श्री बन्धदशा (व्या०)
(३९) श्री दोगिद्धिदशा (,,)
(४०) श्री दीहदशा (,,)
(४१) श्री संखेवित्तदशा ,,)
(४२) श्री आवश्यक सूत्र

उत्कालीक सूत्रोंके नाम

(४३ श्री दशवैकालिक सूत्र
(४४) श्री कल्पाकल्प सूत्र
(४५) श्री चूल्कल्प सूत्र
(४६) श्री महाकल्प सूत्र
(४७) श्री उत्पातिक सूत्र
(४८) श्री राजप्रश्नेनि सूत्र
(४९) श्री जीवाभिगम सूत्र

(५०) श्री प्रज्ञापना सूत्र
(५१) श्री महाप्रज्ञापना सूत्र
(५२) श्री प्रमादाप्रमाद सूत्र
(५३) श्री नन्दीसूत्र
(५४) श्री अनुयोगद्वार सूत्र
(५५) श्री देवीन्द्रस्तुति सूत्र
(५६) श्री तदुलव्याली सूत्र
(५७) श्री चन्द्रविजय सूत्र
(५८) श्री सूर्यप्रज्ञप्ति सूत्र
(५९) श्री पौरषी मडल सूत्र
(६०) श्री मडलप्रवेश सूत्र
(६१) श्री विद्याचारण सूत्र
(६२) श्री गिगिच्छओ सूत्र
(६३) श्री गणिविजय सूत्र
(६४) श्री ध्यानविभूति सूत्र
(६५) श्री मरणविभूति सूत्र
(६६) श्री आत्मविशुद्धि सूत्र
(६७) श्री वीतराग सूत्र
(६८) श्री सलेखणा सूत्र
(६९) श्री व्यवहार कल्पसूत्र
(७०) श्री चरणविधि सूत्र
(७१) श्रीआउरप्रत्याख्यान सूत्र
(७२) श्री महाप्रत्याख्यान सूत्र

साथमें बारहाअगो के नाम

(७३) श्री आचाराग सूत्र
(७४) श्री सूत्र कृताग सूत्र
(७५) श्री स्थानायाग सूत्र
(७६) श्री समवायाग सूत्र
(७७) श्री भगवतीजी सूत्र
(७८) श्री ज्ञाताधर्मकथाग सूत्र
(७९) श्रीउपासक दशाग सूत्र
(८०) श्री अन्तगड दशाग सूत्र
(८१) श्री अनुत्तरोपपातिक सूत्र
(८२) श्री प्रश्नव्याकरण सूत्र
(८३) श्री विपाक सूत्र
(८४) श्री दृष्टिवाद सूत्र

एव ८४ आगमोंके नाम

इन ८४ आगमोंके अन्दर जो बारहा अंग है उनके अन्दर कीसकीस वातोंका विवरण कीया गया है वह संक्षिप्तसे यहा वतला देते है। यथा —

१ आचाराग सूत्रमें—साधुका आचार है जो श्रमण निग्र न्थोंका सुप्रशस्त आचार गोचर भिक्षा लेनेकी विधि, विनय वेनयिक, कायोत्सर्गादि स्थान, विहार भूम्यादिकमें गमन चंक्र मण (श्रम दूर करनेके लिये उपाश्रयमें जाना), या आहारादिक पदार्थोंका माप, स्वाध्यायमें नियोग, भाषादि समिति, गुप्ति,

शय्या, उपधि भक्त, पान, उद्गमादि (उद्गम उत्पात और एपणा), दोषोकी विशुद्धि, शुद्धाशुद्ध ग्रहण आलोचना, व्रत, नियम, तप और भगवान वीरप्रभुका उज्वल जीवन है। प्रथम श्री आचारांग सूत्रमें दो श्रुतस्कंध इत्यादि शेष ग्रन्थमें

२ सूत्रकृतांग (सूअगडांग) सूत्रमें—स्वसिद्धांत परसिद्धांत, स्वऔरपरसिद्धांत, जीव, अजीव जीवाजीव, लोक अलोक, लोकालोक जीव अजीव, पुण्य पाप, आश्रव, संवर, निर्जरा, बंध और मोक्ष तकके पदार्थों, इतर दर्शनसे मोहित, संदिग्ध नव दीक्षितकी बुद्धिकी शुद्धिके लिये एकसोएंशी क्रियावादिका मत, चौरासी अक्रियावादिका मत, सडसठ अज्ञानवादिका मत, बतीस विनयवादिका मत एकुल मीलकर ३६३ अन्य मतियों के मतकों परिक्षेप करके स्वसमय स्थापन व्याख्यान है दुसरा अंगका दो श्रुतस्कन्ध इत्यादि शेष ग्रन्थमें

३ स्थानांग सूत्रमें—स्वसमयकों, परसमयकों, और उभय समयकों स्थापन, जीवकों अजीवकों, जीवाजीवकों, लोककों, अलोककों, लोकालोककों स्थापन पर्वत, शिखर, कुंट, झाण, कुंड, गुफा, आगर, द्रहे, नदी आदि एकएक बोलसे लगाके दशदश बोलका संग्रह कीया हुवा है जीस्का श्रुतस्कंध १ इत्यादि शेष ग्रन्थमें

४ समवायांग सूत्रमें—स्वसिद्धांत, परसिद्धांत उभय सिद्धांत, जीव अजीव, जीवाजीव लोक अलोक, लोकालोक और एकादिक कितनाक पदार्थोंका एकोतरिक परिवृद्धिपूर्वक प्रतिपादन अर्थात् प्रथम एक संख्यक पदार्थोंका निरुपण पीछे द्विसंख्यक यावत् एकसमर ३-४ यावत् क्रोडाक्रोड पर्यंत अथवा द्वादशांग गणिपिट कका पर्यवोकों प्रतिपादन और तिर्थंकरोंके पूर्वभव मातापिता या दीक्षा, ज्ञान, शिष्य आदि व चक्रवर्त्ती, बलदेव, वासुदेव, प्रति वासुदेवादिकका व्याख्यान है जीस्का श्रुतस्कंध १ इत्यादि शेष ग्रन्थमें

५ व्याख्यान प्रज्ञप्ति —(भगवती) भगवतीसूत्रमें स्वसमय परसमय, स्वपरसमय, जीव, अजीव, जीवाजीव लोक, अलोक, लोकालोक अलग अलग प्रकारका देव राजा राजर्षि और अनेक प्रकारक सदिग्ध पुरुषोंने पुछे हुय प्रश्नोंका श्रीजिनभगवान विस्तार पूर्वक कहा हुवा उत्तर, सो उत्तर, द्रव्य, गुण, क्षेत्रकाल, पर्याय प्रदेश और परिणामका अनुगम निक्षेपण, नय, प्रमाण और विविध सुनिपुण उपक्रमपूर्वक यथास्ति भावना प्रतिपाद कहे जिन्हसे लोक और अलोक प्रकाशित है यह विशाल ससार समुद्र तारनेको समर्थ है, इद्रपूजित है भव्य लोकोंक हृदयका अभिनद्य है, अधकाररूप मेलका नाशक है सुष्ठुदृष्ट है दीपभूत है इहा मति और बुद्धिका वर्धक है जीस प्रश्नोंकी संख्या ३६००० की है जीसमें श्रुतस्कंध इत्यादि शेष यत्रमें

६ ज्ञाता धर्मकथासूत्र में—उदाहरण भूत पुरुषोंका नगर उद्यानो, चैत्यो, वनखडो, राजाओ माता पिता समवसरणो, धर्माचार्यो धर्म कथाओ, यहलौकिक और परलौकिक ऋद्धि विशेषो भोग परित्यागो प्रव्रज्याओ श्रुत परिग्रहो, तपो, उपधानो पर्याआ सलेखणा भक्त प्रत्याख्यानो पादपोपगमनो, देवलोक गमना, सुकुलमा प्रत्ययतारो बोधिलाभो और अतक्रियाओ, इस अगमें दो श्रुत स्कध और आगणीस अध्ययनो है। धर्म कथाका दश वग है जीसमें एक एक धर्मकथामें पाचसो पाचसो आख्यायिकाओ है। एकक आख्यायिकामें पाचसो पाचसो उपाख्यायिकाओ है। एक एक उपाख्यायिकाओंमें पाचसो पाचसो आख्यायिका पाख्यायिकाओ है यह सर्वे मिलके कथा वर्गमें गमिक (सादृश) और अगमिक सामिल है जीसमें गमिय कथाओ छोडके शेष साढा तीन क्रोड कथाआ इस अगमें है शेष यत्रमें देखा।

७ उपाशक—दशांग सूत्रमें उपासको (श्रावको) का नगरा उद्यानो, चैत्यो वनखडो, राजाओ, माता पिताओ, समवसरणो

धर्माचार्या, धर्मकथाओ यहलोकनी और परलोककी ऋद्धी विशेष और श्रावकोंका शीलव्रतो, विरमणो, गुणव्रतो प्रत्याख्यानो, पोषधोपवासो श्रुत परिग्रहो तपो उपधानो, प्रतिमाओ, उपसर्गा, संलेखना भक्त प्रत्याख्यानो पादपोपगमनो देवलोक गमनो, सुकुलमें जन्मो, बोधिलाभ और अतक्रिया, इस अगका श्रुतस्कंध १ है इत्यादि शेष ग्रन्थमें।

अतकृद्दशाग सूत्रमें—अतकृत (अन्तकेवल) प्राप्त पुरुषोंका नगरो उद्यानो, चैत्यो, वनखडो, राजाओ, माता पिता, समव सरणो, धर्माचार्या, धर्मकथाओ, यह लोक और परलोककी ऋद्धि, भोग परित्यागो, प्रव्रज्याओ, श्रुतपरिग्रहो, तपो उपधानो बहुविध प्रतिमाओ, क्षमा, आर्जव, मार्दव सत्य सहित शौच, सत्तर प्रकारको सयम उत्तम ब्रह्मचय, अकिंचनता, तप क्रियाओ, समितिओ, गुप्तिओ, अप्रमादयोग उत्तम स्वाध्याय और ध्यानका स्वरूप, उत्तम सयमको प्राप्त और जित परिषह पुरुषोंको चार प्रकारका कर्मक्षय हुवा बाद उत्पन्न हुवो अत समय केवल ज्ञानको लाभ, मुनिओंका पर्याय काल, पादपोपगमन पवित्र मुनिवर जितना भक्त (भक्तनों) कु त्याग करके अतकृत हुवा इत्यादि इस अंगका श्रुतस्कध एक है इत्यादि शेष ग्रन्थमें

९ अनुत्तरोपपातिक सूत्रमें—अनुत्तरोपपातिकी (मुनिओ)का नगरो, उद्यानो चैत्यो, वनखडो राजाओ, माता पिताओ, समव सरणो, धर्माचार्यो, धर्म कथाओ, यह लौकका और परलोकका ऋद्धि विशेषो, भोग परित्यागो श्रुतपरिग्रहो, तपो उपधानो पर्याय प्रतिमा सलेखना, भक्तपान प्रत्याख्यानो, पादपोपगमनो सुकुलायतारो, बोधि लाभो, और अतक्रियाओ नवमा अगमें १ श्रुतस्कंध है इत्यादि शेष ग्रन्थमें

१० प्रश्न व्याकरण सूत्रमें—एकसो आठ प्रश्नो, एकसो आठ अप्रश्नो, एकसो आठ प्रश्नाप्रश्नो, अगुष्ठ प्रश्नो, बाहु प्रश्नो आदर्श

(काच) प्रश्नो और भी विद्याका अतिशयो तथा नागकुमार और सुवर्ण कुमारकी साथे हुआ दिव्य संवादो इस अंगमें श्रुत स्कंध १ हे इत्यादि शेष ग्रंथमें वर्तमान इस अंगमें पाश्राश्रव पांच संवरका सविस्तार वर्णन है।

११ विपाक–सूत्रमें विपाक संक्षेपसे दो प्रकार दु:ख विपाक (पापका फल) और सुख विपाक (पुण्यका फल) जीसमें दु ख विपाकमें दु खविपाकवालाओका नगरो, उद्यानो, चैत्यो वनखंडो, राजाओ माता पिता समवसरण धर्माचार्यो, धर्म कथाओ, नरक गमनो संसार प्रबंध दु ख परंपरा, और सुख विपाकमें सुख विपाकवालाओका नगरो, उद्यानो चैत्यो वनखंडो राजाओ, माता, पिताओ, समवसरण, धर्माचार्य, धर्मकथा, अलौकिकी और परलौकिकी ऋद्धि विशेषो भोग परित्यागो प्रव्रज्याओ, श्रुत परिग्रहो तपो, उपधानो पर्यायो प्रतिमाओ संलेखनाओ, भक्त प्रत्याख्यानो, पादपोपगमनो, देवलोक गमनो, सुकुलावतारा, बोधिलाभ और अंतक्रियाओ, इस अंगमें इत्यादि शेष ग्रन्थमें।

१२ दृष्टिवाद सूत्रमें –सब पदार्थोकी प्ररूपणा है जीसका अंग पांच है। १ परिकर्म (गणित विशेष तथा छन्द पद, काव्या दिकी रचनाकी संकलना २ सूत्र (दृष्टिवाद संबंधी ८८ सूत्रका विचार) ३ पूर्व (१४ पूर्व) ४ अनुयोग (जिसमें तिर्थंकरोंका च्यवनादि पंचकल्याणक व परिवार तथा ऋषभदेव और अजीत नाथके आंतरामें पाटोनपाट मोक्ष गये थे जीसका अधिकार (५) चूलिका (पूर्वांके उपर चूलिका) दृष्टिवादमें श्रुतस्कंध एक है पूर्व चौदा वत्थू (अध्येन) संख्याता इत्यादि।

इन द्वादशांगीमें प्रत्येक अंगकी, प्रत्येक वाचना है संख्याता व्याख्यानद्वार, संख्याता वेढा जातका छंद, संख्याता श्लोक, संख्याती निर्युक्ति, संख्याति संग्रहणी गाथा, संख्याति परिवृत्ति, संख्यातापद, संख्याता अक्षर, अनंता गमा, अनंतापर्यवा परि तात्रस और अनंता स्थावर इत्यादि सामान्य विशेष प्रकारे श्री

तिर्थंकर भगवानने परुपणा करी है और द्वादशागीमें अनता भाव अनंता अभाव, अनंताहेतु, अनता अहेतु, अनताकारण, अनता अकारण, अनंता जीव, अनताअजीव, अनताभवसिद्धिया, अनता अभव सिद्धिया अनता सिद्धा, अनता असिद्धा इत्यादि भाव है

नोट—कालीक उत्कालीक सूत्रोंकि सिवाय भगवान् ऋषभप्रभुक ८४००० मुनिओंन ८४००० पइन्नावावत् वीर प्रभुक १४०० मुनिओंने १४००० पईन्ना रचे थे अथात जीस तीर्थंकरोंक जीतने मुनि होते है वह उत्पातिकादि स्वय बुद्धिसे एक एक पइन्ना बनाता था।

इनके सिवाय कर्मग्रन्थमें श्रुतिज्ञानके १४ भेदोंके सिवाय २० भेद बतलाये है यथा—

(१) पर्यायश्रुत—उत्पत्तिके प्रथम समयमें लब्धि अपर्याप्ता सूक्ष्म निगोदये जीवोंको जो कुश्रुतका अश होता है उससे दुसरे समयमें ज्ञानका जीतना अश बढता है वह पर्याय-श्रुत है।

(२) पर्याय समासश्रुत—उक्त पर्यायश्रुतके समुदायको अर्थात् दो तीनादि संख्याओंका पर्याय समासश्रुत कहते है।

(३) अक्षरश्रुत—अकारादि लब्धि अक्षरोंमेंसे कीसी एक अक्षरको अक्षरश्रुत कहते है।

(४) अक्षरसमासश्रुत—लब्धयक्षरोंके समुदायको अर्थात् दो तीनादि अक्षरोंका अक्षरसमासश्रुत कहते है।

(५) पदश्रुत—जिस अक्षर समुदायसे पुरा अर्थ मालुम हो वह पद और उसके ज्ञानको पदश्रुत कहते है।

(६) पदसमासश्रुत—पदोंके समुदायके ज्ञानको पदसमासश्रुत कहते है।

(७) सघातश्रुत—गति आदि चौदा मागणाओंमेंसे किसी एक मार्गणाके एक देशके ज्ञानको सघातश्रुत कहते है।

(८) सघातसमासश्रुत - किसी एक मार्गणाके अनेक देशोंका ज्ञानको सघातसमासश्रुत कहते है जैसे गति मागणाके च्यार अवयय है नरकगति, तीर्यंचगति मनुष्यगति देवगति जिसमें एक अवयवका ज्ञान होना उसे संघातसमासश्रुत कहते है।

(९) प्रतिपातिश्रुत—गति इन्द्रिय आदि कीसी द्वारसे ससारथ जीवोंका ज्ञान होना उसे प्रतिपातिश्रुत कहते है।

(१०) प्रतिपातिसमासश्रुति—गति इन्द्रिय आदि बहुतसे द्वारोसे ससारी जीवोंका ज्ञान होना।

(११) अनुयोगश्रुत—' सतपय परुपणा द्रव्य पमार्ण च " इस पदमें कहा हुवा अनुयोगद्वारोमेंसे कीसी एक के द्वारा जीवादि पदार्थोको जानना अनुयोगश्रुत है

(१२) अनुयोगसमासश्रुत-एकसे अधिक दो तीन अनुयागद्वारा जीवादि पदार्थोको जानना उसे अनुयोगसमासश्रुत कहते है।

(१३) प्राभृत-प्राभतश्रुत—दृष्टिवादके अन्दर प्राभत-प्राभृत नामका अधिकार है उनोंसे कीसी एकका ज्ञान होना।

(१४) प्राभृत प्राभृत समासश्रुत - दो तीन च्यारादि प्राभृत प्राभतोंसे ज्ञान होना उसे प्रा० प्रा० समास कहते है।

प्राभृतश्रुत—जैसे एक अध्ययनके अनेक उद्देसा होते है इसी माफीक प्राभृत प्राभृतके विभागरूप प्राभृत है जिस एकसे ज्ञान होना उसे प्राभृत ज्ञान कहते है

(१६) प्राभतसमासश्रुत—उक्त दो तीन च्यारादिसे ज्ञान होना उसे प्राभृतसमासश्रुत कहते है।

(१७) वस्तुश्रुत—कइ प्राभृतके अवयवरूप वस्तु होते है जिनसे एक वस्तुसे ज्ञान होना उसे वस्तुश्रुत

(१८) वस्तुसमासश्रुत—उक्त दो तीन च्यारादि वस्तुवोंसे ज्ञान होना उसे वस्तुसमास कहते है।

(१९) पूर्वश्रुत—अनेक वस्तुवोंसे एक पूर्व होते है उन एक पूर्वका ज्ञान होना उसे पूर्वज्ञान कहते है।

(२०) पूर्वसमासश्रुत —दो तीन पूर्व-वस्तुवोंसे ज्ञान होना उसे पूर्वसमास ज्ञान कहा जाता है।

इसके सिवाय श्रुतज्ञानवाला उपयोग संयुक्त सर्वार्थसिद्ध वमान तककी बातको प्रत्यक्षसे जान सकता है।

एकादशांगका यंत्र.

सख्या	अगनाम	मूलपद सख्या	वर्तमान पद सख्या	कर्त्ता	अध्ययन	उदेशा	टीका सख्या	टीका कर्त्ता	टीका सनत.
१	आचाराग	*१८०००	२५२५	पाचमा गणधर सुधर्मा स्वामिजी	२५	८५	१२०००	शीलाङ्का-चार्य	९३३
२	सूयगडायाग	३६०००	२१००		२३	३३	१२८५०		६३३
३	स्थानायाग	७२०००	३६००		ठा० १०	२१	१४२५०	श्री अभयदेवसूरिजी	११२०
४	समवायाग	१४४०००	१६६७		१	१	३५७४		११२०
५	भगवतीजी	२८८०००	१५७५२		श ४१ / १३८	१०००० / १६२५	१८६१६		११२०
६	ज्ञाताधर्म कथा	५७६०००	५४००		१९ / २०६	०	३८००		११२०
७	उपाशकदशाग	११५२०००	८५२		१०	०	८००		११२०
८	अन्तागडदश०	२३०४०००	८९९		व ८	९०	४००		११२०
९	अनुत्तरोववाइ	४६०८०००	१९२		व ३	३३	१००		११२०
१०	प्रश्नव्याकरण	९२१६०००	१२५६		४५ / १०	०	४६००		११२०
११	विपाक	१८४३२०००	१२१६		२०	०	९००		११२०

* एक पदक अक्षर १६३४८३०७८८६ इतन होते है जिस्कों ३२ अक्षरके श्लोक गीणा जावेतों एक पदके ५१०८८४६२१॥ श्लोक होते है एस १८००० पद श्री आचारागजासूत्रके थ इसी माफीक सर्व आगमोका समज लेना।

१४ पूर्वका यंत्र.

पूर्वोका नाम	पद संख्या	कर्ता	वस्तु	चूल वस्तु	मादीहस्ति	विषय
उत्पाद	क्रोड	सुधर्मास्वामी पांचमा गणधर	१	४	१*	सर्व द्रव्यगुण पर्यायका उत्पन्न ओर नाश
अग्रायणीय	९६ लाख		१४	१२	२	सर्व द्रव्यगुण पर्यायका आगपणा
वीर्य	७० ,,		८	८	४	जीवोंके वीर्यका व्याख्यान
आस्तिनास्ति	१ क्रोड		१८	१०	८	आस्तिनास्तिका स्वरूप व स्याद्वाद
ज्ञानप्रवाद	२ ,,		१२	०	१६	पांच ज्ञानका व्याख्यान
सत्य प्र०	२६		२	०	३२	सत्यसंयमका व्याख्यान
आत्मा प्र०	१ क्रो ८० क्रो		१६	०	६४	नय प्रमाण दर्शन सहित आत्माका स्वरूप
कर्म प्र	८४ लाख		३०	०	१२८	कर्मप्रकृति स्थिति, अनुभाग मूल उत्तर प्रकृति
प्रत्याख्यानप्र	१ क्रो १० ह		२०	०	२५६	प्रत्याख्यानका प्रतिपादन
विद्या प्र०	२६ क्रोड		१५	०	५१२	विद्याके अतिशयका व्याख्यान
कल्याणक प्र०	१ क्रोड		१२	०	१०२४	भगवानका कल्याणकका व्याख्यान
प्राणावाय	६ क्रो		१३	०	२०४८	भेद सहित प्राणका विषयका व्याख्यान
क्रिया विशाल	९ क्रो ५० ला		३०	०	४०९६	क्रियाका व्याख्यान
लोकबिंदु सार	१२ लाख		२५	०	८१९२	बिंदुक अंदर लोकका स्वरूप सर्व अक्षर सन्निपात

* एक हस्ति अंबाडी सहित दो इतना ढिग शाहीका करे उतनी शाहीसे प्रथम पूर्व लिखा जाता है इसी माफिक क्रमशः २-४-८-१६-३२-६४-१२८-२५६-५१२-१०२४-२०४८-४०९६-८१९२ हस्तियोंकि शाहिसे १४ पूर्व लिखे जाते है कूल १६३८३ हस्ती

इन द्वादशांगीकों भूतकालमें अनंतेजीवों विराधना करके चतुर्गति ससारके अंदर परिभ्रमण कीया वर्तमान कालमें संख्याते जीव परिभ्रमण करते है और भविष्य कालमें अनंतेजीव परिभ्रमण करेगें

इन द्वादशांगीकी भूतकालमें अनंतेजीवों आराधना करके ससाररूपी समुद्रकों पार पहोंचे (मोक्ष गये) और वर्तमान कालमें संख्याते जीव मोक्ष जाते है (महाविदेह अपेक्षा) और भविष्यमें द्वादशांगीकों आराधन करके अनंते जीव मोक्ष जावेगें

यह द्वादशांगी भूतकालमें थी, वर्तमान कालमें है और भविष्य कालमें रहेगी जैसे पचास्तिकायकी माफिक निश्चल नित्य, शाश्वती अक्षय अव्याबाध, अवस्थित रहेगी

श्रुतज्ञानका संक्षेपसे चारभेद है द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव

(१) द्रव्यसे उपयोग युक्त श्रुतज्ञान सर्व द्रव्यकों जाने देखे.

(२) क्षेत्रसे उपयोग सहित श्रुतज्ञान सर्व क्षेत्रकों जाने देखे

(३) कालसे उपयोग सहित श्रुतज्ञान सर्व कालकों जाने देखे

(४) भावसे उपयोग सहित श्रुतज्ञान सर्व भावकों जाने देखे

चौदा प्रकारके श्रुतिज्ञानके अन्तर्मे सूत्रका व्याख्या करनेकी पद्धति बतलाइ है व्याख्यानदाताओंको प्रथम मूल सूत्र कहना चाहिये तदान्तर मूल सूत्रका शब्दार्थ तदान्तर निर्युक्ति तदान्तर विषय विस्तारसे प्रतिपादनार्थ टीका, चूर्णी भाष्य तथा हेतु दृष्टान्त युक्ति द्वारा स्पष्टिकरण करना यह व्याख्यानकी पद्धति है।

इति श्रुतज्ञान इति परोक्षज्ञान

सेवंभंते सेवंभंते तमेव सच्चम

—※—

थोकडा नम्बर ६७

गूत्रश्री पन्नवणाजी पद ३३ अवधिज्ञानाधिकार

भव १ विषय २ संस्थान ३ अभ्यान्तरबाह्य ४ देशसर्व ५ हीयमान वृद्धमान अवस्थीत ६ अनुगमि अनानुगमि ७ प्रतिपाति अप्रतिपाति ८ ।

(१) भव-नारकि देवतावोंको अवधिज्ञान भवप्रत्य होते है और मनुष्य तथा तीर्यंच पाचेन्द्रियको क्षायपशमसे होते है ।

(२) विषय-अवधिज्ञान अपनी विषयसे कितने क्षेत्रको देख सकते है जान सकत है ।

(१) रत्न प्रभा नारकि	जघन्य	३।	गाउ	उत्कृष्ट	४	गाउ
(२) शर्करा प्रभा नारकि		३	,,	,	३॥	;
(३) वालुका प्रभा नारकि	,	२॥	,,	,,	३	,
(४) पङ्क प्रभा नारकि	,,		,	,	२॥	,
(५) धुम प्रभा नारकि	,,	१॥	,	,,	२	,,
(६) तम प्रभा नारकि	,	१	,,	,	१॥	,,
(७) तमस्तमा प्रभा नारकि	,,	०॥	,,	,	१	,

असुरकुमार के देव ज० २५ योजन उ० उर्ध्व लोकमे सौधर्म कल्प अधोलोकमे तीसरी नरक तीर्यगलोगमें असंख्याते द्विप समुद्र अवधिज्ञानस जाने देखे । नागादि नौजातिके देव० ज० २५ योजन उ० उर्ध्वलोकमें ज्योतीषीयोंके उपरका तला अधोलोकमे पहली नरक तीर्यगलोकमें संख्याते द्विपसमुद्र वाणव्यन्तर देव और ज्योतिषी देव ज० उ० संख्यात द्विप समुद्र जाने सौधर्मशान कल्पके देव जघन्य आंगुलके असंख्यातमे भाग उ० उर्ध्व स्वध्वजा पताका अधोमें पहली नारक तीर्यगलोकमें असंख्याते द्विपसमुद्र

एव सनत्कुमार महीन्द्रदेव परन्तु अधोलोकमें दूसरी नरक जाने एव ब्रह्म और लातकदेव परन्तु अधोलोकमें तीसरी नरक जाने एव महाशुक्र सहस्रदेव परन्तु अधोलोकमें चोथी नरक जाने एव आणत प्राणत अरण्य अच्युतदेव परन्तु अधोलोक पाचमी नरक जाने एव नौग्रीवेगक देव परन्तु अधोलोकमें छट्टी नरक जाने एव च्यारानुत्तर वैमान परन्तु अधोलोकमें सातमी नरक जाने और सर्वार्थसिद्ध वैमानके देव, लोकमिश्र याने सर्व त्रसनालिको जाने यह बात ख्यालमें रखना कि सब देव उर्ध्व तो अपने अपने वैमानके ध्वजा पताका और तीर्यगलोकमे असंख्याते द्विप समुद्र देखता है। तीर्यच पाचेन्द्रिय ज० आगुलके असंख्यातमे भाग उ० असंख्याते द्विप समुद्र जाने। मनुष्य ज० आगु० अस० भाग उ० सर्व लोक जाने देखे और लोक जैसे असंख्यात खड अलोकर्में भी ज्ञान सक्ते है। परन्तु वहा रूपी पदार्थ न होनेसे मात्र विषय ही मानी जाती है

(३) संस्थान-अवधिज्ञानद्वार जिस क्षेत्रको जानते है वह कौन आकारसे देखते वह कहते है नारकि तीपायाके संस्थान भुवनपति पालाके संस्थान, व्यन्तर देव ढोलके संस्थान ज्योतिषी झालरके संस्थान बारह देवलोकके देव उर्ध्व मर्दंग के संस्थान, नौग्रीवेग पुष्पोंकि चगगेर आकार, पाचानुत्तर वैमानके देव, कुमारिकाके कंचुवे संस्थान मनुष्य और तीर्यच अनेक संस्थानसे जानते है।

(४) नारकी देवताओमें अवधिज्ञान है उसे अभ्यान्तर ज्ञान कहते है कारण वह परभवसे आते है तब ज्ञान साथमें ले के आते है। तीर्यचको बाह्य ज्ञान अर्थात् वह उत्पन्न होनेके बाद क्षोपशम भावसे ज्ञान होता है। मनुष्यमें दोनो प्रकारसे ज्ञान होता है अभ्यान्तर ज्ञान और बाह्यज्ञान।

(५) नारकि देवता और तीर्यच पाचेन्द्रियके ज्ञान है वह देशसे होता है (मर्यादा सयुक्त) और मनुष्य के देश और सर्व दोनो प्रकारसे होता है

(६) नारकि देवताओंय ज्ञान है सो अवस्थीत है कारण यह भवप्रत्य ज्ञान है और मनुष्य तीर्यचके ज्ञान तीनो प्रकारका है हियमाम वृद्धमान और अवस्थीत।

(७) नारकि देवताओंक अवधिज्ञा न अनुगामि है यान जहा जाते है वहा साथमें चलता है और मनुष्य तीर्यचमें अनुगामि अनानुगामि दोनो प्रकारसे होता है।

(८) नारकि देवताओंके अवधिज्ञान अप्रतिपाति है कारण यह भवप्रत्य होता है और तीर्यच पाचेन्द्रियमें प्रतिपाति है मनुष्यके दोनो प्रकारका होता है प्रतिपाति अप्रतिपाति कारण मनुष्यमें केवलज्ञान भी होता है परम अवधिज्ञान भी होता है इति

सेव भंते सेव भंते तमेव सच्चम्

थोकडा नम्बर ६८

सूत्रश्री भगवतीजी शतक ८ उ० २ पांच ज्ञानकि लब्धि।

हे भगवान्! एक परिमडल सस्थान कालापेक्षा क्या कुड जुम्मा समयकी स्थितिवाला है ? यावत् कलयुगा समयकी स्थितिवाला है ? गौतम स्यात् कुडजुम्मा समयकी स्थितिवाला है एव यावत् स्यात् कल्युगा समयकी स्थितिवाला है। इसी तरह वट्ट त्रस चौरस और आयतन सस्थान भी चारों बोलोंके समयकी स्थितिवाला कहना। घणा परिमडल सस्थानकी पृच्छा, समुच्चय आश्रीय स्यात् कुडजुम्मा, एव यावत् स्यात् कल्युगा समयकी स्थितिके कहने और अलग २ की अपेक्षा भी इसी तरह घणा कुडजुम्मा यावत् घणा कलयुगा समयकी स्थितिका कहना। एव शेष वट्ट, त्रस, चौरस और आयतनकी भी व्याख्या परिम डलवत् करनी।

हे भगवान् एक परिमडल सस्थान भावाश्रीय काला गुणके पर्यवापेक्षा क्या कुडजम्मा है ? यावत् कलयुगा है ? गौतम! स्यात् कुडजुम्मा यावत् कलयुगा है। एव यावत् आयतन सस्थान भी समझना। घणा परिमडल सस्थानकी पृच्छा, समुच्चयाश्रीय स्यात् कुडजुम्मा यावत् स्यात् कल्युगा है, और अलग २ अपेक्षा घणा कुडजुम्मा है यावत् घणा कलयुगा है कहना। एव यावत् आयतन सस्थान भी कहना। यह एक काले वर्णकी अपेक्षा कहा है। इसी तरह ५ वर्ण, २ गध, ५ रस, ८ स्पर्शको पांचों सस्थानों कह देना ॥ इति ॥

॥ सेव भंते सेव भंते तमेव सच्चम् ॥

थोकडा नं० ८७

[श्री भगवती सूत्र श० २५-उ० ३]

(श्रेणी)

आकाश प्रदेशकी पंक्तिको श्रेणी कहते हैं। गौतमस्वामी भगवान्से प्रश्न करते हैं कि हे भगवान्! समुच्चय आकाश प्रदेशकी द्रव्यापेक्षा श्रेणी क्या संख्याती, असंख्याती, या अनन्ती है? गौतम! संख्याती, असंख्याती नहीं किन्तु अनन्ती है। इसी तरह पूर्वादि छे दिशीकी भी कह देना। एवं समुच्चयवत् अलोकाकाशकी भी श्रेणी समझना (अनन्ती है)।

द्रव्यापेक्षा लोकाकाशके श्रेणीकी पृच्छा? गौतम! संख्याती नहीं, अनन्ती नहीं किन्तु असंख्याती है। इसी तरह छे दिशी भी समझना।

प्रदेशापेक्षा समुच्चय आकाश प्रदेशके श्रेणीकी पृच्छा? गौतम! संख्याती असंख्याती नहीं किन्तु अनन्ती है, एवं पूर्वादि छे दिशीकी भी कहना।

प्रदेशापेक्षा लोकाकाशके श्रेणीकी पृच्छा? गौतम! स्यात् संख्याती, स्यात् असंख्याती है परंतु अनन्ती नहीं, एवं पूर्वादि चार दिशी कहना, परंतु उंची नीची केवल असंख्याती है।

प्रदेशापेक्षा अलोकाकाशके श्रेणीकी पृच्छा! गौतम, स्यात् संख्याती, असंख्याती अनन्ती है। परंतु पूर्वादि चार दिशीमें नियमा अनन्ती है, उंची नीचीमें तीनों बोल पावे।*

---

* लोकालोकमें स्यात् संख्याती श्रेणी कहनेका कारण यह है कि लोकके अन्तमें लोक और अलोकका गूंथा है वहांपर संख्याता आकाश प्रदेश लोकालोकवर्ती अपेक्षाय है इसी वास्ते संख्याती श्रेणी कही।

समुच्चय श्रेणी क्या सादि सान्त है (१) सादि अनन्त है, (२) अनादि सान्त है, (३) या अनादि अनन्त है? (४) गौतम! अनादि अनन्त है शेष तीन भागा नहीं इसी तरह पूर्वादि छे दिशी भी समझ लेना।

लोकाकाशके श्रेणीकी पृच्छा? गौतम! सादि सान्त है शेष तीन भागा नहीं एव छे दिशी भी समझ लेना।

अलोकाकाशके श्रेणीकी पृच्छा, गौतम! स्यात् सादि सान्त यावत् अनादि अनन्त चारों भागा पावे यथा—

(१) सादि सान्त-लोकको व्याघातमें।

(२) सादि अनन्त-लोकके अन्तमें अलोककी आदि है परतु फिर अन्त नहीं।

(३) अनादि सान्त-अलोक अनादि है परतु लोकके पासमें अन्त है।

(४) अनादि अनन्त-जहा लोकका व्याघात न पडे वहा।

पूर्व पश्चिम और उत्तर दक्षिण दिशी सादी सान्त वज देना तथा उंची नीची दिशी पूर्ववत् चारों भागा पावे।

हे भगवान्! द्रव्यापेक्षा श्रेणी क्या कुडजुम्मा है? यावत् कल्युगा है? गौतम! कुडजुम्मा है, शेष तीन भागा नहीं, एव यावत् छे दिशीमें कहना, इसी तरह द्रव्यापेक्षा लोकाकाशकी श्रेणी भी समझ लेना, यावत् छे दिशीकी व्याख्या कर देना एव अलोकाकाशकी भी व्याख्या करना।

प्रदेशापेक्षा आकाश श्रेणीकी पृच्छा, गौतम! कुडजुम्मा है शेष तीन भागा नहीं एव छे दिशी।

प्रदेशापेक्षा लोकाकाशके श्रेणीकी पृच्छा गौतम! स्यात् कुडजुम्मा है स्यात् दावरजुम्मा है शेष दो भागा नहीं, एव

पूर्वादि चार दिशी, और उर्ध्व अधो दिशी अपेक्षा कुडजुम्मा हैं शेष तीन भागा नहीं।

प्रदेशापेक्षा अलोकाकाशके श्रेणीकी पृच्छा, गौतम! स्यात् कुडजुम्मा यावत् स्यात् कलयुगा हैं, एव छे दिशी परन्तु उची नीची दिशीमें कलयुगा वर्जके शेष ३ भागा कहना।

श्रेणी सात प्रकारकी हैं (१) ऋजु (सीधी), (२) एक बंका, (३) दो बका, (४) एक खूणावाली, (५) दो खूणावाली, (६) चक्रवाल, (७) अर्ध चक्रवाल (स्थापना)।

— Λ M L L ⌒ ○

हे भगवान! जीव अनुश्रेणी (सम) गति करे या विश्रेणी (विषम)? गौतम! अनुश्रेणी गती करे परतु विश्रेणो गति नहीं करे इसी तरह नारकादि २४ दडकोंके जीव समझ लेना, एवं परमाणु पुद्गल भी अनुश्रेणी करे, विश्रेणी नहीं करे, द्विप्रदेशी यावत् अनन्त प्रदेशी भी अनुश्रेणी करे विश्रेणी न करे। इति।

॥ सेवं भंते सेवं भंते तमेव सच्चम् ॥

—※(◎)※—

थोकडा नं० ८८

[श्री भगवती सुत्र श० २५–उ० ४]

(द्रव्य)

द्रव्य छे प्रकारके है—धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, जीवास्तिकाय, पुद्गलास्तिकाय और काल।

थोकडा नं० ८६

श्री भगवती सूत्र श० २५–उ० ४

(जीवों का प्रमाण.)

इस थोकडे में सब जीवों को जुम्मा रासी कर के द्रव्य क्षेत्र, काल, और भावाश्रीय बतावेंगे।

(१) जीव द्रव्य प्रमाण।

हे भगवान्! एक जीव द्रव्यापेक्षा क्या कुडजुम्मा या कल युगा है? (गौतम) कल्युगा है, क्योंकि एक जावाश्रीय प्रश्न इस लिए एव २४ दडक और सिद्ध के भी एक जीवाश्रीय कल युगा ही कहना।

घणा जीवों की अपेक्षा क्या कुडजुम्मा है? यावत् कल्युग है? (गौतम) घणा जीवों की गणती का दो भेद है एक समुच दूसरा अलग २, जिस में समुचय की अपेक्षा तो कुडजुम्मा है शेष ३ भागा नहीं और अलग २ की अपेक्षा कल्युगा है शेष ३ भागा नहीं।

घणा नारकी की पृच्छा? (गौतम) समुचयापेक्षा स्यात् कुडजुम्मा यावत् स्यात् कल्युगा है, और अलग २ की अपेक्ष कल्युगा है शेष ३ बोल नहीं एव २४ दडक और सिद्ध भी समजलेना।

(२) जीव प्रदेश प्रमाण

हे भगवान्! प्रदेशापेक्षा एक जीव क्या कुडजुम्मा है यावत् कल्युगा है! (गौतम) प्रदेश दो प्रकार के है, एक जीव प्रदेश

और दूसरा शरीर प्रदेश, जिसमें जीव प्रदेश तो कुडजुम्मा है शेष ३ भागा नहीं, और शरीर प्रदेश स्यात् कुडजुम्मा है यावत् कल्युगा है एव २४ दडक भी समजना। एक सिद्ध के प्रदेश की पृच्छा ? (गौतम) शरीर प्रदेश नहीं है, और जीव प्रदेश अपेक्षा कुडजुम्मा है, शेष नहीं

घणा जीवों के प्रदेशाश्रीय पृच्छा ? (गौतम) जीवों अपेक्षा समुचय कहो या अल्ग २ कहो कुडजुम्मा प्रदेश है, शेष ३ भाग नहीं और शरीरापेक्षा समु० स्यात् कुडजुम्मा यावत् कलयुगा। और अल्ग २ अपेक्षा कुडजुम्मा भी यावत् कलयुगा भी घणा। एव नरकादि २४ दडकों में भी समजलेना।

घणा सिद्धों की पृच्छा ? (गौतम) शरीर प्रदेश नहीं हैं, और जीवोंने प्रदेशापेक्षा समुचय और अल्ग २ में सब ठिकाणे कुडजुम्मा प्रदेश कहना शेष ३ भागा नहीं।

(३) क्षेत्रापेक्षा प्रमाण

हे भगवान्! समुचय एक जीव क्या कुडजुम्मा प्रदेश अवगाह्य है यावत् कल्युग प्रदेश अवगाह्य है ? (गौतम) स्यात् कुडजुम्मा प्रदेश अवगाह्य है यावत् स्यात कल्युगा प्रदेश अवगाह्य है, एवं २४ दडकों और सिद्ध की भी व्याख्या करनी।

घणा जीव की पृच्छा ? (गौतम) समुचय तो कुडजुम्मा प्रदेश अवगाह्य है, क्योंकि जीव सर्व लोक में है और लोकाकाश कुडजुम्मा प्रदेशी है, अलग २ की अपेक्षा घणा कुडजुम्मा प्रदेश अवगाह्य है, यावत घणा कल्युगा प्रदेश अवगाह्य है।

घणा नारकी की पृच्छा ? (गौतम) समुचय स्यात् कुडजुम्मा यावत् स्यात् कल्युगा प्रदेश अवगाह्य है और अल्ग २ की अपेक्षा घणा कुडजुम्मा यावत् घणा कलयुगा प्रदेश अवगाह्य

है एव एकेन्द्री वर्ज के यावत् वैमानिक और सिद्धोंकी व्याख्या करनी और पचेन्द्रीय समुचय जीववत् कहना।

(४) कालापेक्षा प्रमाण

हे भगवान् ! समुचय एक जीव क्या कुडजुम्मा समय स्थिति वाला है यावत् कलयुगा समय की स्थिति वाला है ? (गौतम) कुडजुम्मा स्थितीवाला है, क्योंकि काल का समय कुडजुम्मा है और जीव सब काल में शाश्वता है।

एक नारकी के नेरिये की पृच्छा ! (गौतम) स्यात् कुड जुम्मा यावत् कलयुगा समय की स्थिति का है एव २४ दंडक और सिद्ध समुचय जीव की माफिक समझना।

घणा जीव की पृच्छा ! (गौतम) समुचय और अलग २ कुडजुम्मा समय की स्थिति वाले है शेष बोल नहीं।

घणा नारकी की पृच्छा ! (गौतम) समुचय स्यात् कुड जुम्मा यावत् कलयुगा समय की स्थिति वाले है और अलग २ अपेक्षा कुडजुम्मा घणा यावत् घणा कलयुगा समय की स्थिति वाले है एव २४ दंडकों और सिद्ध समुचयवत्।

(५) भावापेक्षाप्रमाण

हे भगवान् ! समुचय एक जीव काला गुण पर्यायापेक्षा क्या कुडजुम्मा यावत् कलयुगा है ? (गौतम) जीव, प्रदेशापेक्षा वर्णादि नहीं है, और शरीर प्रदेशापेक्षा स्यात् कुडजुम्मा यावत स्यात् कलयुगा पर्याय वाला है, एव २४ दंडकों और सिद्धों के शरीर नहीं।

समुचय घणा जीव की पृच्छा ! (गौतम) जीवों के प्रदे शोंपेक्षा वर्णादि नहीं है और शरीरापेक्षा स्यात् कुडजुम्मा यावत कलयुगा पर्याय वाले है, एव २४ दंडकों भी समझ लेना और

काले वर्ण की व्याख्या के माफिक शेष वर्ण ५ गंध, २ रस, ५ स्पर्श आठ एव २० बोलों की व्याख्या समझ लेना ।

(६) ज्ञानपर्यवापेक्षा प्रमाण

हे भगवान् ! समुचय एक जीव मतिज्ञान की पर्यायापेक्षा क्या कुडजुम्मा है यावत् कल्युगा है ? (गौतम) स्यात् कुड जुम्मा यावत् स्यात् कलयुगा है, एव एकेन्द्रीय वर्जके शेष १९ दंडकों समझ लेना । एकेन्द्रीय में मतिज्ञान नहीं है और इसी तरह घणा जीवोंपेक्षा समुचय और अलग २ की व्याख्या भी करदेनी, एव श्रुतज्ञान भी समझना और अवधीज्ञान की व्याख्या भी इसी तरह करदेना परन्तु १९ दंडक की जगह १६ दंडक कहना क्योंकि पाच स्थावर के सिवाय तीन विकलेन्द्री में भी अवधीज्ञान नहीं होता है और मन पयव ज्ञान की भी व्याख्या मतिज्ञानवत् करनी परन्तु मनुष्य दंडक सिवाय अन्य दंडक में मन पर्यव ज्ञान नहीं है इस लिये एक ही दंडक कहना । केवल ज्ञान की पृच्छा ? (गौतम) कुड जुम्मा पर्याय है शेष तीन बोल नहीं एव घणा जीव समुचय और अलग २ की भी व्याख्या करदेनी ।

मति अज्ञान, श्रुत अज्ञान में २४ दंडक और विभंग ज्ञान में १६ दंडक चक्षुदर्शन में १७ दंडक, अचक्षुदर्शन में २४ दंडक और अवधी दर्शन में १६ दंडक इन सबकी व्याख्या मतिज्ञानवत् समझनी, और केवलदर्शन केवलज्ञानकी माफिक यह थोकडा खूब दीर्घदृष्टि से विचारने लायक है, धर्म ध्यान इसी को कहते हैं, द्रव्यानुयोग में उपयोग की तिव्रता होने से कर्मो की बडी भारी निर्जरा होती है, इस लिये मोक्षाभिलाषियों को हमेशा इस बात की गवेषणा करनी चाहिये । इति ।

सेवभंते सेवभंते तमेव सचम् ।

थोकडा नं० ६०

श्री भगवती सूत्र श० २५-उ० ४

(जीव कंपाकंप)

हे भगवान्! समुच्चय जीव क्या कपायमान है या अकंप है (गौतम) जीव दो प्रकार के है। एक सिद्धोंके और दूसरे संसारी जिसमें सिद्धों के जीव दो प्रकार के हैं, एक अणतर (जो एक समय का) सिद्ध और दूसरा परंपर (बहुत समय का) सिद्ध, जो परम्पर सिद्ध है वे अकंप है और अणंतर सिद्ध है वे कंपायमान है अगर कंपायमान है तो क्या देश (एक हिस्सा) कंपायमान है या सर्व कंपायमान है? देश कंपायमान नहीं है किन्तु सब कंपायमान है क्योंकि मोक्ष जाता हुआ जीव रस्ते में सब प्रदेशों से चलता है।

संसारी जीव दो प्रकार के है एक शलेस प्रतिपन्न (चौदवें गुणस्थानवर्ती) और दूसरा अशैलेस (पहिले से तेरवे गुण स्थान तक के) जिस में शैलेस प्रतिपन्न है वह अकंप है, और अशैलेस है वह कंपायमान है? अगर कंपायमान है तो क्या देश कंपायमान है या सब कंपायमान है, देश कंपायमान भी है और सर्व कंपायमान भी है। जैसे हाथ हिलाना यह देश कंपाय मान या आत्म सब प्रदेशों से गती आगती करता है सो सर्व है।

नारकी के नेरीयों की पृच्छा? (गौतम) देशकम्प भी है और सब कम्पी भी है कारण नारकी दो प्रकार के है, एक परभव गमन गतीवाले, और दूसरे वर्तमान भवस्थित देशकंप है, इसी माफिक भुवनपति १० स्थावर, ५ विकलेन्द्री, तीन १ मनुष्य, १ व्यंतर १ जोतिषी और वैमानिक भी समझ लेना। इति।

सेवभंते सेवभंते तमेव सच्चम्।

थोकडा नं० ६१

श्री भगवती सूत्र श० २५–उ० ४

(पुद्गलों की अल्पाबहुत्व.)

पुद्गल-परमाणु सख्यातप्रदेशी, असख्यातप्रदेशी और अनन्तप्रदेशी स्कध इनकी द्रव्य प्रदेश और द्रव्यप्रदेश की अल्पा बहुत्व कहते हैं—

(१) सबसे स्तोक अनन्त प्रदेशी स्कध के द्रव्य हैं।
(२) परमाणु पुद्गल के द्रव्य अनन्त गुणे।
(३) सख्यातप्रदेशी के द्रव्य सख्यात गुणे।
(४) असख्यातप्रदेशी के द्रव्य असख्यात गुणे।

प्रदेशापेक्षा भी अल्पाबहुत्व इसी माफिक (द्रव्यवत्) समझलेना।

(द्रव्य और प्रदेश की अल्पाबहुत्व)

(१) सब से स्तोक अनन्तप्रदेशी स्कध के द्रव्य।
(२) तस्य प्रदेश अनत गुणे।
(३) परमाणु पुद्गल के द्रव्य प्रदेश अनत गुणे।
(४) सख्यात प्रदेशी स्कध के द्रव्य सख्यात गुणे।
(५) तस्य प्रदेश सख्यात गुणे।
(६) असख्यात प्रदेश स्कध के द्रव्य असंख्यात गुणे।
(७) तस्य प्रदेश असख्यात गुणे।

क्षेत्रापेक्षा अल्पाबहुत्व.

(१) सब से स्तोक एक आकाश प्रदेश अवगाहा द्रव्य।

(२) संख्यात प्रदेश अवगाह द्रव्य संख्यात गुणे ।
(३) असंख्यात प्रदेश अवगाह द्रव्य असंख्यात गुणे।
इसी माफिक प्रदेश की भी अल्पाबहुत्व समझ लेना।
(१) सब से स्तोक एक प्रदेश अवगाह द्रव्य और प्रदेश।
(२) संख्यात प्रदेश अवगाह द्रव्य संख्यात गुणे।
(३) तस्य प्रदेश संख्यात गुणे।
(४) असंख्यात प्रदेश अवगाह द्रव्य असंख्यात गुणे।
(५) तस्य प्रदेश असंख्यात गुणे।

कालापेक्षा अल्पाबहुत्व.

(१) सब से स्तोक एक समय की स्थिति के द्रव्य।
(२) संख्यात समय स्थिति के द्रव्य संख्यात गुणे।
(३) असंख्यात समय स्थिति के द्रव्य असंख्यात गुणे।
इसी माफिक प्रदेशों की भी अल्पाबहुत्व समझ लेना।
(१) सब से स्तोक एक समय की स्थिति के द्रव्य और प्रदेश।
(२) संख्यात समय की स्थिति के द्रव्य संख्यात गुणे।
(३) तस्य प्रदेश संख्यात गुणे।
(४) असंख्यात समय की स्थिति के द्रव्य असंख्यात गुणे।
(५) तस्य प्रदेश असंख्यात गुणे।

भावापेक्षा प्रमाण कि अल्पाबहुत्व.

(१) सब से स्तोक अनन्त गुण काले पुद्गलों के द्रव्य।
(२) एक गुण काला पुद्गल द्रव्य अनन्त गुणे।
(३) संख्यात गुण काला पुद्गल द्रव्य संख्यात गुणे।
(४) असंख्यात गुण काला पुद्गल द्रव्य असंख्यात गुणे।
इसी माफीक प्रदेशों की भी अल्पाबहुत्व समझ लेनी।
(१) सब से स्तोक अनंत गुण काले के द्रव्य।

(२) तस्य प्रदेश अनन्त गुणे ।
(३) एक गुण काला द्रव्य और प्रदेश अनन्त गुणे ।
(४) सख्यात प्रदेश काले० पु० द्रव्य स० गुणे ।
(५) तस्य प्रदेश सख्यात गुणे ।
(६) अस० प्रदेश काले० पु० द्रव्य असख्यात गुणे ।
(७) तस्य प्रदेश अस० गुणे ।

इसी माफिक ५ वर्ण, २ गंध, ५ रस, ४ स्पर्श (शीत, उष्ण, स्निग्ध, रूक्ष,) एव १६ बोलो की व्याख्या काले वर्णवत् तीन तीन अल्पाबहुत्व करनी ।

कर्कश स्पर्श की अल्पाबहुत्व

(१) सब से स्तोक एक गुण कर्कश का द्रव्य ।
(२) स० गु० कर्कश द्रव्य स० गु०
(३) अस गु० कर्कश द्रव्य अस गु ।
(४) अनत गुणा कर्कश द्रव्य अनंत गुणे ।

कर्कश स्पर्श प्रदेशापेक्षा अल्पा०

(१) सब से स्तोक एक गुण कर्कश के प्रदेश ।
(२) स० गुणा कर्कश के प्रदेश अस० गुणे ।
(३) अस० गुणा कर्कश के प्रदेश अस० गुणे ।
(४) अनत गुणा कर्कश के प्रदेश अनत गुणे ।

कर्कश० द्रव्य प्रदेशापेक्षा अल्पा० ।

(१) सब से स्तोक एक गुण कर्कश के द्रव्य प्रदेश ।
(२) स० गुणा कर्कश पुद्गल द्रव्य स० गुणे ।
(३) तस्य प्रदेश अस० गुणे ।
(४) अस० गुणा कर्कश पुद्गल द्रव्य अस० गुणे ।
(५) तस्य प्रदेश असं० गुणे ।

(६) अनंत गुणा कर्कश पुद्गल द्रव्य अनंत गुणे ।
(७) तस्य प्रदेश अनंत गुणे ।

इसी माफिक मृदुल, गुरु, लघु भी समझ लेना। कुल १९ अल्पाबहुत्व हुई। ३ द्रव्य की, ३ क्षेत्र की, ३ काल की, और १० भाव की।

सेवंभते सेवंभते तमेव सचम् ।

—※(◎)※—

थोकडा न० ६२

श्री भगवती सूत्र श० २५-उ० ४

(१) द्रव्य प्रदेशापेक्षा पृच्छा ।

हे भगवान्! एक परमाणु पुद्गल द्रव्यापेक्षा क्या कुडजुम्मा है यावत् कल्युगा है ? गौतम ! कल्युगा है, शेष तीन भागा नहीं एव यावत् अनंत प्रदेशी स्कन्ध द्रव्यापेक्षा कल्युगा है।

घणा परमाणु पुद्गल की द्रव्यापेक्षा पृच्छा ? गौतम ! समुच यापेक्षा स्यात् कुडजुम्मा स्यात् चारों भागा पावे, अलग २ की अपेक्षा केवल कल्युगा शेष ३ भागा नहीं एव यावत् अनंत प्रदेशी स्कन्ध भी समझना।

एक परमाणु पुद्गल प्रदेशापेक्षा पृच्छा ! गौतम कलयुगा है शेष भागा नहीं एक दोपदेशी स्कधको पृच्छा ! गौतम दावर जुम्मा है एक तीन प्रदेशी स्कध तेउगा है, एक चार प्रदेशी स्कध कुडजुम्मा है एक पाँच प्रदेशी स्कध कल्युगा है एक छे प्रदेशी स्कंध दावरजुम्मा है, एक सात प्रदेशी स्कध तेउगा है, एक आठ प्रदेशी स्कध कुडजुम्मा है, नव प्रदेशी स्कध कलयुगा

है, दश प्रदेशी स्कंध दावरजुम्मा है, शेष तीन भागा नहीं, एक सख्यात प्रदेशी स्कध स्यात् कुडजुम्मा यावत् कलयुगा एव यावत् एक अनन्त प्रदेशी स्कध में भी चारों भागा समझ लेना।

घणा परमाणु पुद्गल की पुच्छा ! (गौतम) समुचयापेक्षा स्यात् कुडजुम्मा यावत् कलयुगा है, और अलग २ अपेक्षा कल युगा है शेष तीन भागा नहीं।

घणा दो प्रदेशी स्कध की पच्छा ? गौतम ! समुचयापेक्षा स्यात् कुडजुम्मा तथा स्यात् दावरजुम्मा है शेष दो भागा नहीं और अलग २ की अपेक्षा दावरजुम्मा है, शेष तीन भागा नहीं, घणा तीने प्रदेशी स्कंध समुचयापेक्ष स्यात् कुडजुम्मादि चारों भागा पावे और अलग २ की अपेक्षा तेउगा है, घणा चार प्रदेशी स्कध समुचयापेक्षा कुडजुम्मा है, और अलग २ की अपेक्षा भी कुडजुम्मा है, शेष ३ भागा नहीं, घणा पाच प्रदेशी स्कध और घणा नौ प्रदेशी स्कंध की व्याख्या परमाणु पुद्गलवत्, घणा छ प्रदेशी और घणा दश प्रदेशी की व्याख्या दो प्रदेशीवत्, घणा सात प्रदेशी की व्याख्या तीन प्रदेसीवत् और घणा आठ प्रदेशी की व्याख्या चार प्रदेशीवत् कह देना।

घणा सख्यात प्रदेशी स्कध की पृच्छा ? गौतम ! समुचयापेक्षा स्यात् चारों भागा पावे। और अलग २ की अपेक्षा भी चारों भागा पावे ! कुडजुम्मा भी घणा यावत् कलयुगा भी घणा एव असख्यात प्रदेशी और अनंत प्रदेशी भी समझ लेना।

(२) क्षेत्रापेक्षा पृच्छा

हे भगवान् ! एक परमाणु पुद्गल क्या कुडजुम्मा यावत् कलयुगा प्रदेश अवगाह्य है ? कलयुगा प्रदेश अवगाह्या है शेष ३ भागा नहीं।

एक दो प्रदेशी स्कंध की पृच्छा ? गौतम ! स्यात् दावर

जुम्मा स्यात् कलयुगा प्रदेश अवगाह्या है शेष दो भागा नहीं। एक तीनीप्रदेशी स्कंध स्यात् तेउगा दावरजुम्मा और कल्युगा प्रदेश अवगाह्या है, कुडजुम्मा नहीं। एक चार प्रदेशी स्कंध स्यात् कुडजुम्मा यावत् कलयुगा प्रदेश अवगाह्या है। एव यावत् पाच, छ, सात आठ, नौ, दश प्रदेशी सख्यात असख्यात और अनंत प्रदेशी भी स्यात कुडजुम्मा यावत् कल्युगा आवगाह्या है।

घणा परमाणु पद्गल की पृच्छा? गौतम! समुचय कुडजुम्मा प्रदेश आवगाह्या है। कारण परमाणु सर्व लोक में है। अलग २ की अपेक्षा कलयुगा प्रदश अवगाह्या है। घणा दो प्रदेशी स्वन्ध की पृच्छा? गौतम! समुचय कुडजुम्मा प्रदेश अवगाह्या है और अलग २ की अपेक्षा घणा दावरजुम्मा घणा कल्युगा प्रदश अवगाह्या है। शेष दो भांगा नहीं। घणा तीन प्रदशी स्वन्ध समुचय की अपेक्षा कुडजुम्मा प्रदेश अवगाह्या है। अलग २ की अपेक्षा घणा तेउगा दावरजुम्मा और कल्युगा प्रदेश अवगाह्या है। शेष कुडजुम्मा नहीं। घणा चार प्रदेशी स्वन्ध समुचय की अपेक्षा कुडजुम्मा प्रदश आवगाह्या है। अलग २ की अपेक्षा घणा कुडजुम्मा यावत् घणा कल्युगा प्रदेश अव गाह्या है एव पाच प्रदेशी यावत् अनत प्रदेशी की व्याख्या चार प्रदेशीवत् करनी।

(३) कालापेक्षा पृच्छा

हे भगवान! एक परमाणु पुद्गल क्या कुडजुम्मा यावत् कलयुगा समय की स्थिति वाला है? गौतम स्यात् कुडजुम्मा यावत् कल्युगा समय की स्थिति वाला है एव दो तीन यावत् अनन्त प्रदेशी स्कन्ध भी समझ लेना।

घणा परमाणु पुद्गल की पृच्छा? गौतम! समुचय स्यात् कुडजुम्मा यावत् कल्युगा समय स्थिति का है एवं अलग २ की

अपेक्षा भी घणा कुडजुम्मा यावत् कल्युगा समय कि स्थिति का है इसी माफक दो तीन यावत् अनन्त प्रदेशी स्कन्ध भी समझ लेना।

(३) भावापेक्षा पृच्छा

हे भगवान्! एक परमाणु पु० कालावर्ण की पर्यायाश्रीय क्या कुडजुम्मा प्रदेशी है यावत कलयुगा प्रदेशी है ? (गौतम) स्यात् कुडजुम्मा यावत् कल्युगा प्रदेशी है एव दो तीन यावत् अनन्त प्रदेशी भी समझ लेना, घणा परमाणु की पृच्छा ? (गौतम) समुचय स्यात् कुडजुम्मा यावत् कल्युगा प्रदेशी है, अलग २ की अपेक्षा घणा कुडजुम्मा यावत् कल्युगा प्रदेशी है एव दो तीन यावत अनन्त प्रदेशी की भी व्याख्या करनी, जैसे काले वर्ण का कहा इसी तरह शेष ४ वर्ण, २ गध, ५ रस, ४ स्पर्श (शीत, ऊष्ण, स्निग्ध, रूक्ष,) एव १६ बोल समझ लेना।

एक अनन्त प्रदेशी स्कध कर्कश स्पर्शाश्रीय क्या कुडजुम्मा प्रदेशी यावत् कलयुगा प्रदेशी है ? (गौतम) स्यात् कुडजुम्मा यावत् स्यात् कलयुगा प्रदेशी है एव घणा अनन्त प्रदेशी स्कध भी समुचयापेक्षा स्यात् चारों भागा और अलग २ अपेक्षा भी चारों भागा (कुडजुम्मा भी घणा यावत् कलयुगा भी घणा कहना) एव मृदुल गुरु लघु की भी व्याख्या करनी, ये चार स्पर्श वाले पुद्गल सख्यात, असख्यात प्रदेशी नहीं होते किन्तु अनन्त प्रदेशी ही होते है क्योंकि ये चार स्पर्श बादर स्कध में होते है जहा ये चार स्पर्श हैं वहा पूर्व कहे चार स्पर्श नियमा हैं यह थोकडा दीर्घ दृष्टि से विचारने योग्य है।

सेवभंते सेवभंते तमेव सच्चम् ।

—(◎)—

थोकडा नं० ६३

श्री भगवती सूत्र श० २५ उ० ४

(परमाणु)

हे भगवान् ! परमाणु पुद्गल क्या कम्पायमान है व अकम्प है ? गौतम ! स्यात् कम्पायमान है स्यात् अकम्प है एवं दो तीन यावत् दश प्रदेशी तथा सख्यात् असंख्यात् और अनन्त प्रदेशी भी समझ लेना।

घणा परमाणु पुद्गल की पृच्छा ? गौतम ! कम्पायमान भी घणा और अकम्प भी घणा इसी तरह घणा दो तीन प्रदेशी यावत् घणा अनन्त प्रदेशी स्कन्ध भी समझ लेना।

एक परमाणु पुद्गल कम्पायमान रहे तो कितने काल तक और अकम्प रहे तो कितने काल तक रहे ? गौतम ! कम्पायमान रहे तो जघन्य एक समय उत्कृष्ट आवलीका के असख्यात में भाग और अकम्प रहे तो जघन्य एक समय उत्कृष्ट असख्याता काल एवं दो, तीन यावत् अनन्त प्रदेशी समझ लेना।

घणा परमाणु पुद्गल कम्पायमान तथा अकम्प की पृच्छा ? गौतम ! सदा काल सास्वता एव दो, तीन यावत् अनन्त प्रदेशी स्कन्ध समझ लेना।

एक परमाणु पुद्गल कम्पायमान तथा अकम्प का अन्तर पडे तो कितने काल का ? गौतम ! कम्पायमान का स्वस्थाना पेक्षा ज० एक समय उ० असख्याता काल और परस्थानापेक्षा ज० एक समय उ० असख्यात काल और अकम्प का स्वस्थाना पेक्षा ज० एक समय उ० आवलिका के अस० भाग और पर

स्थानापेक्षा ज० एक समय उ० असंख्याता काल क्योंकि दो आदि प्रदेश में जाकर रहे तो अस० काल तक रहे।

दो प्रदेशी स्कन्ध की पृच्छा ? गौतम! कम्पमान का स्व स्थान अ तर ज० एक समय उ० अस० काल परस्थानापेक्षा ज० एक समय उ० अनन्त काल क्योंकि जो परमाणु अलग हुवा है वही परमाणु अनन्त काल के पीछे अवश्य आकर मिलता है। उत्कृष्ट अनन्त काल तक अलग रहे और अकम्प की स्वस्थानापेक्षा ज० एक समय उ० आवलीका के अस० भाग परस्थानापेक्षा ज० एक समय उ० अनन्त काल एवं तीन, चार यावत् अनन्त प्रदेशी स्कन्ध समझ लेना।

घणा दो प्रदेशी तीन प्रदेशी यावत् अनन्त प्रदेशी स्कन्ध का अ तर नहीं क्योंकि बहुवचन होने से कम्पायमान और अकम्प सास्वते होते हैं।

(कम्पायमान् तथा अकम्प का अल्पा०)

(१) सब से स्तोक कम्पायमान परमाणु
(२) अकम्पमान परमाणु असख्यात गुणा

एवं दो प्रदेशी यावत असंख्यात प्रदेशी स्कन्ध कम्पायमान अकम्प असख्यात गुणे

(१) सबसे स्तोक अकम्पायमान अनन्त प्रदेशी स्कन्ध।
(२) कम्पायमान अनन्त प्रदेशी स्कन्ध अनन्त गुणे।

(परमाणु पु० से अन० प्रदेशी स्कन्ध की कम्पाकम्प आश्रीयद्रव्य, प्रदेश और द्रव्यप्रदेश की अल्पा०।)

(१) सबसे स्तोक अनन्त प्रदेशी स्कन्ध का अकम्प द्रव्य।
(२) अनन्त प्रदेशी कम्पायमान द्रव्य अनन्त गुणे।
(३) परमाणु पु० कम्पायमान द्रव्य अनत गुणे।

(४) संख्यात प्र० कम्पायमान द्रव्य अस० गुणे ।
(५) असख्यात प्र० ,, ,, ,, ,,
(६) परमाणु पु० अकम्प० , ,, ,,
(७) सख्यात प्र० ,, ,, स० ,,
(८) असख्यात प्र ,, ,, अस० ,,

इसी माफक प्रदेशकी अल्पा० समझना, परन्तु परमाणु को अप्रदेशी कहना और ७ में बोल में संख्यात प्र० स्कन्ध के प्रदेश असख्यात गुणा कहना अब द्रव्य और प्रदेश की अल्पा० ।

(१) सबसे स्तोक अनन्त प्रदेशी स्कन्ध अकम्प का द्रव्य ।
(२) तस्य प्रदेश अनन्त गुणे ।
(३) अनन्त प्रदेशी स्कन्ध कम्पायमान का द्रव्य अनन्त गुणे ।
(४) तस्य प्रदेश अन० गुणे ।
(५) परमाणु पु० कम्पायमान द्रव्य प्रदेश अन गुणे ।
(६) संख्यात प्र० कम्पायमान द्रव्य अस० गुणे ।
(७) तस्य प्र सख्यात गुणे ।
(८) असख्यात प्र० कम्प० द्रव्य अस० गुणे ।
(९) तस्य प्रदेश असं० गुणे ।
(१०) परमाणु पु० अकम्प० द्रव्य, प्रदेश अस० गुणे ।
(११) स० प्र० अकम्प० द्रव्य अस० गुणे ।
(१२) तस्य प्रदेश सं० गुणे ।
(१३) अस० प्र० अकम्प० द्रव्य अस गुणे ।
(१४) तस्य प्रदेश अस० गुणे ।

सेवभंते सेवभंते तमेव सच्चम्

---

१ असंख्यात गुणा कहा सो विचारणीय है ।

थोकडा नं० ६४

श्री भगवती सूत्र श० २५-उ० ४

(परमाणु पुद्गल).

हे भगवान्! एक परमाणु पु० क्या सर्वकम्प है, देश कम्प है या अकम्प है? गौतम! देश कम्प नहीं है स्यात् सर्व कम्प है स्यात् अकम्प है। देशकम्प नहींहै।

दो प्रदेशी स्कन्ध की पृच्छा गौतम! स्यात् देश कम्प (एक विभाग) है। स्यात् सर्व कम्प है और स्यात् अकम्प भी है एव तीन चार यावत् अनन्त प्रदेशी की भी व्याख्या इसी तरह करनी।

घणा परमाणु की पृच्छा गौतम! देश कम्प नहीं है सर्व कम्प घणा और अकम्प भी घणा है और घणा दो प्रदेशी स्कन्ध, देश कम्प भी घणा, सर्व कम्प भी घणा, और अकम्प भी घणा, इसी तरह घणा तीन, चार यावत् अनन्त प्रदेशी स्कन्ध भी समझ लेना।

हे भगवान्! एक परमाणु पु० सर्व कम्प और अकम्प पने रहे तो कितने काल तक रहे? गौतम! कम्पायमान रहे तो ज० एक समय उ० आवलीका के असख्यात में भाग जितना काल और अकम्प रहे तो ज० एक समय उ० अस० काल० तथा दो प्रदेशी स्कन्ध देश कम्पायमान और सर्व कम्पायमान पने रहे तो ज० एक समय उ० आवली के अस० भाग जितना काल और अकम्प पने रहे तो ज० एक समय उ० अस० काल एव तीन, चार

यावत् अनन्त प्रदेशी स्कन्ध भी समझ लेना और घणा परमाणु, दो प्रदेशी, तीन प्रदेशी यावत् घणा अनन्त प्रदेशी स्कन्ध सर्व कम्प, देश कम्प और अकम्प सर्वाद्धा याने सास्वता है।

एक परमाणु पु० के सर्वकम्प और अकम्पका अन्तर कितना है ? गौतम ! कम्पायमान स्वस्थानाश्रीय ज० एक समय उ० असं० काल एव परस्थानाश्रीय भी समझना और अकम्प का स्वस्थानाश्रय ज० एक समय उ० आवली का के असं० भाग और अन्यस्थानाश्रय ज० एक समय उ० असं० काल भावना पूर्ववत् क्योंकि द्विप्रदेशादि स्कन्ध की स्थिति असंख्याता काल की है ।

द्वि प्रदेशी स्कन्ध देश कम्प, सर्व कम्प और अकम्प का अन्तर ज० तो सबका एक समय है और उत्कृष्ट देश कम्प और सर्व कम्प का स्वस्थानापेक्षा ज० एक समय उ० असं० काल और परस्थान आश्री अनन्त काल क्योंकि ये दो प्रदेश अलग २ होकर दूसरे स्कन्धों में जा मिले तो उ० अनन्ता काल तक अलग रहकर फिर वेही दो प्रदेश दो प्रदेशी स्कन्धपने मिले तो उ० अनन्त काल में मिले और अकम्प का अन्तर स्वस्थानापेक्षा उ० आवली का के असं० भाग और पर स्थानापेक्षा अनन्त काल भावना पूर्ववत् एव तीन, चार यावत् अनन्त प्रदशी स्कन्ध की भी व्याख्या कर देनी ।

घणा परमाणु पु० दो प्रदेशी स्कन्ध तीन प्र० चार प्र० यावत् अनन्त प्रदेशी स्कन्ध के देश कम्प, सर्वकम्प और अकम्प का अन्तर नहीं है कारण सर्व काल में तीनों प्रकारके पुद्गल सास्वते है।

(प्रत्येक अल्पाबहुत्व)

(१) सबसे स्तोक सर्व कम्पायमान परमाणु पु० ।

(२) अकम्प परमाणु पु० असं० गुणा ।

(१) सबसे स्तोक दो प्रदेशी स्कन्ध सर्व कम्प ।
(२) दो प्रदेशी स्कन्ध देश कम्प असं० गु० ।
(३) „ „ अकम्प असं० गु० एव दो,

तीन यावत् असख्यात प्रदेशी स्कन्ध की भी अल्पा० दो प्रदेशीवत् अलग २ लगा लेना ।

(१) सबसे स्तोक अनन्त प्र० स्कन्ध सर्व कम्प ।
(२) अकम्प अनन्त प्र० स्कन्ध अनन्त गुणा ।
(३) देशकम्प „ „ अनन्त गुणा ।

द्रव्यापेक्षा अल्पाबहुत्व

(१) सबसे स्तोक अनन्त प्रदेशी स्कन्ध का सर्वकम्प द्रव्य ।
(२) अनं० प्र० अकम्प का द्रव्य अनन्त गुणा ।
(३) „ „ देशकम्प० „ अनं० गु० ।
(४) असं० प्र० सर्वकम्प० „ अनं० गु० ।
(५) सं० प्र० „ „ असं० गु० ।
(६) परमाणु पु० „ „ असं० गु० ।
(७) सं० प्र० देशकम्प० „ असं० गु० ।
(८) असं० प्र० „ „ असं० गु० ।
(९) परमाणु पु० अकम्प० „ असं० गु० ।
(१०) सं० प्र० „ „ सं० गु० ।
(११) असं० प्र० „ „ असं० गु० ।

इसी तरह प्रदेश की भी अल्पा० समझ लेना, परन्तु परमाणु को अप्रदेशी और १० में बोल में सख्यात प्रदेशी अकम्प प्र० असं० गुणे कहना ।

(द्रव्य और प्रदेश की अल्पाबहुत्व)

(१) सबसे स्तोक अनन्त प्र० सर्व कम्पका द्रव्य ।
(२) तस्य प्रदेश अनन्त गुणे ।
(३) अनं० प्र० अकम्प द्रव्य अन० गुणे ।
(४) तस्य प्र० अनं० गुणे ।
(५) अनं० प्र० देशकम्प द्रव्य अनं० गुणे ।
(६) तस्य प्र० अनंत गुणे ।
(७) असं० प्र० सर्वकम्प० द्रव्य अनं० गु० ।
(८) तस्य प्र० असंख्यात गुणे ।
(९) सं० प्र० सर्वकम्प० द्रव्य असं० गु० ।
(१०) तस्य प्र० संख्यात गुणे ।
(११) परमाणु पु० सर्वकम्प० द्रव्य प्र० असं० गु० ।
(१२) सं० प्र० देशकम्प० द्रव्य असं० गु० ।
(१३) तस्य प्र० संख्यात गुणे ।
(१४) असं० प्र० देशकम्प द्रव्य असं० गु० ।
(१५) तस्य प्रदेश असं० गु० ।
(१६) परमाणु पु० अकम्प० द्रव्य प्रदेश असं० गु ।
(१७) सं० प्र० अकम्प द्रव्य सं० गु० ।
(१८) तस्य प्रदेश स० गु ।
(१९) अस० प्र० अकम्प द्रव्य असं० गु० ।
(२०) तस्य प्रदेश अस गु० ।

यह थोकडा खूब दीर्घ दृष्टी से विचारने योग्य है ।

सेवभते सेवभते तमेव सच्चम् ।

थोकडा नं० ६५

श्री भगवती सूत्र श० ८ उ०-१

(पुद्गल)

सर्व लोक में पुद्गल तीन प्रकार के है प्रयोगशा, मिश्रशा और विश्रेशा।

दोहा—जीव गृह्या ते प्रयोगशा मिश्रा जीवा रहित।
विशेषा हाथ आवे नहीं ज्ञानी भाख्या ते तहत्॥

प्रयोगशा-जीव ने जो पुद्गल शरीरादिपने गृहण किया वह।
मिश्रशा-जीव शरीरादि पने गृहण करके छोडे हुवे पुद्गल।
विशेषा-शीतोष्णादि पने जो स्वभाव से प्रणम्या पुद्गल।

अब इन पुद्गलों का शास्त्रकारोने अल्प २ भेद करके बतलाया है, प्रयोगशा पु० का नव दडक कहते है जिसमें पहिले दडक में जीव के ८१ भेद है, यथा सात नारकी, रत्नप्रभा, शार्कराप्रभा, वालुकाप्रभा पंकप्रभा, धूमप्रभा तमप्रभा, तमस्तम प्रभा १० भुवनपति-असुरकुमार, नागकु० सुवर्णकु० विद्युतकु० अग्निकु० द्वीपकु० दिशाकु० उदधिकु० वायुकु० स्तनितकुमार ८ व्यतर-पिशाच, भूत, जक्ष, राक्षस, किन्नर, किंपुरुष, महोरग, गन्धर्व ५ ज्योतिषी-चन्द्र, सूर्य ग्रह, नक्षत्र, तारा १२ देवलोक सौधर्म, ईशान, सनत्कुमार, महेन्द्र, ब्रह्म, लातक, महाशुक्र, सहस्रार, आणत, प्राणत, आरण, अच्युत ग्रैवेक-भद्र, सुभद्र, सुजया, सुमाणसा, सुदर्शना, प्रियदर्शना, अमोघ, सुपडिबन्धा, यशोधरा ५ अनुत्तर वैमान-विजय, विजयत, जयंत, अपराजित, सर्वार्थसिद्ध ५ सूक्ष्म-पृथ्वीकाय, अप्काय, तेउकाय वाउकाय, वनस्पतिकाय

पर्व ५ बादरकाय-पृथ्वीकायादि ३ विकलेन्द्री बेरिंद्री, तेरिंद्री, चौरिन्द्री ५ असन्नीतिर्यच जलचर, स्थलचर, खेचर, उरपरी भुजपरी, एवं ५ सन्नी तिर्यच जलचरादि० दो मनुष्य-गर्भज और समुत्सम यह पहिले, दंडके ८१ भेद हुवे।

(२) दूसरा दंडकमे जीवांके *पर्याप्ता—अपर्याप्ता* के १६१ बोल है जैसे जीवोंके ८१ भेद कहा है जिसके अपर्याप्ता के ८१ और पर्याप्ता के ८० क्योंकि समुत्सम मनुष्य पर्याप्ता नहीं होते एवं ८१-८० मिल्के १६१ भेद दूसरे दंडकका १६१ बोल हुवा

(३) तीसरे दडकमें पर्याप्ता अपर्याप्ता के शरीर ४९१ है यथा दूसरे दंडक में जो १६१ बोल कहे हैं जिसमें तीन तीन शरीर सब में पावे कारण नारकी देवता में वैक्रिय, तेजस, कार्मण शरीर है और मनुष्य तिर्यच में औदारिक तेजस, कार्मण है इसलिये १६१ को तीन *गुणा* करने से ४८३ भेद हुवे *तथा* वायुकाय और ५ सन्नी तिर्यच में शरीर पावे चार जिसमें तीन २ पहिले गणचुके शेष ६ बोलों क ६ शरीर और मनुष्य में ५ शरीर है जिसमें ३ पहिले *गण* चुक शेष २ मनुष्य के और ६ वायु तिर्यच के एवं ८ मिलाने से ४९१ भेद तीजे दडक का हुवा।

(४) चौथे दंडक में जीवों की इन्द्रियां के ७१३ भेद है *यथा* दूसरे दंडक में १,१ भेद कह आये हैं जिसमें एकेन्द्रियके २० बोलों में २० इन्द्री विकलेन्द्री के ६ बोलों कि १८ इन्द्री शेष १३५ बोलों में पाच २ इन्द्री गणनेसे ६७५ इन्द्रिया एव २०-१८-६७५ सब मिलके ७१३ भेद हुवे।

(५) पाचवे दडक में शरीर की इन्द्रियों के २१७५ भेद है। यथा-तीसरे दंडक के ४९१ भेद कह आये हैं जिसमें एकेन्द्रीय क ६१ शरीर में इन्द्रीय ६१ है और विकलेन्द्री के १८ शरीर में इन्द्रीय ५४ हैं शेष ४१२ शरीर पचेन्द्रीयके हैं, जिसमें २०६०

इन्द्रीयां हैं एवं ६१-५४-२८६० मिलके सर्व २१७५ मेद पांचवें दंडक के हुवा।

(६) छठे दडक में पर्याप्तापर्याप्ता में वर्णादिके ४०२५ मेद यथा दूसरे दडक में १६१ बोल कह आये हैं उनको ५ वर्ण २ गंध ५ रस ८ स्पर्श और ५ संस्थान के साथ गुणा करनेसे ४०२५ मेद पाते हैं, क्योंकि १६१ बोलों में वर्णादि २५ पचवीस बोल गीननेसे ४०२५ बोल हुये।

(७) सातवें दडक के ११६३१ मेद यथा तीसरे दंडक में जो बोल ४९१ शरीर कह आये हैं, जिसमें वर्णादि २५ बोल पाते हैं वास्ते वर्णादि २५ बोल से गुणा करनेसे १२२७५ बोल हुवे, परन्तु ४९१ मेद में १६१ मेद कार्मण शरीर के हैं और कार्मण शरीर चौफरसी होता है इसलिये १६१ मेदके चार चार स्पर्श कम करनेसे ६४४ मेद कमती हुये बाकी ११६३१ मेद सातवें दडक के।

(८) आठवें दडक के १७८२५ मेद यथा चौथे दडक में ७१३ जीवों की इन्द्रिया कही हैं जिसमें वर्णादि २५ पचविश बोल पाये वास्ते ७१३ बोलों को वर्णादि २५ बोलसे गुणा करनेसे १७८२५ मेद आठवें दडक के हुये।

(९) नौवें दंडक के ५१५२३ मेद यथा पांचवें दडक के २१७५ मेद कहे हैं उनको वर्णादि २५ बोलसे गुणा करने से ५४३७५ मेद हुये परन्तु एक २ इन्द्री में एक २ कार्मण शरीर है और कार्मण चौस्पर्शी है, इसलिये २८५२ बोल कम करनेसे शेष ५१५२३ मेद नौवें दडक के हुये एवं नवों दडक के ८१-१६१-४९१-७१३-२१७५-४०२५-११६३१-१७८२५-५१५२३ सब मिला केमे ८८६२५ मेद हुवे, सो इतने प्रकारके प्रयोगसा पुद्गल प्रणमते हैं पुद्गलों की बडीही विचित्रता है, ऐसा जगत में कोइ जीव

नहीं है कि जिसने इन पुद्गलों को ग्रहण न किया हो एकवार नहीं परन्तु अनन्तीवार इसी तरह ग्रहण कर करके छोड़ा है जैसे प्रयोगशा के जो दंडक और उसके भेद करके बताये हैं, उसी माफिक मिश्रशाके भी भेद समझ लेना विशेषा पुद्गल वर्ण, गंध, रस, स्पर्श और संस्थानपने प्रणम्या है उसके ५३० भेद हैं वह शीघ्रबोध दूसरे भागसे समझलेना, एवं प्रयोगशा, मिश्रशा विशेषा के १७७७८० भेद हुवे।

सेवभते सेवभते तमेव सचम्।

—— ——

थोकडा नं० ९६

श्री भगवती सूत्र श० ८–उ० ९

(बन्ध)

बंध दो प्रकारके होते हैं, एक प्रयोगबंध जो किसी दूसरेके प्रयोग से होता है और दूसरा विशेषबंध जो स्वभाव से ही होता है।

(१) विशेष बंध के दो भेद अनादिबंध और सादीबंध जिसमें अनादीबंध के तीन भेद हैं धर्मास्तिकाय का अनादीबंध है एवं अधर्मास्तिकाय तथा आकाशास्तिकाय का भी अनादि बन्ध है इन तीनों के स्वस्व प्रदेश के साथ अनादिबंध है।

धर्मास्तिकाय का अनादिबंध है वह क्या सर्वबंध है या देश बंध है ? गौतम ! देशबंध है क्योंकि सकल के माफिक प्रदेश से प्रदेश बंधा हुवा है, एवं अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय भी समझ लेना।

धर्मास्तिकाय के विशेषाबध की स्थिति कितनी है? गौतम! मर्यादा याने सदाकाल सास्वता बंध है, एव अधर्मास्ति० आकाशास्ति० भी समझ लेना।

सादी विशेषा बन्ध कितने प्रकारका? गौ० तीन प्रकारका बन्धनापेक्षा, भाजनापेक्षा और परिणामापेक्षा जिसमें बधनापेक्षा जैसे दो प्रदेशी, तीन, चार यावत् अनंत प्रदेशी का आपस में बंध हो। परन्तु रूक्षस रूक्ष न बधे स्निग्ध से स्निग्ध न बन्धे परन्तु रूक्ष और स्निग्ध सबंध होवे वह भी जघन्य गुण वर्जके जैसे एक गुण रूक्ष और एक गुण स्निग्ध का बध न होवे परन्तु विषम मात्रा जैसे एक गुण रूक्ष और दो गुण स्निग्ध का बंध होवे इसी तरह यावत् अनंत प्रदेशी तक समझ लेना, इनकी स्थिती ज० एक समय की उ० असंख्याताकाल०।

भाजनापेक्षा—जैसे किसी भाजन में जूना गुल तथा तदुल मद्यादि गालने से उनका स्वभाव से बन्ध हो, उनकी स्थिती ज० एक समय उ० संख्या कालकी है।

परिमाण बन्ध—जैसे बादल, इन्द्रधनुष, अमोघा, उद्गम च्छादि इनकी स्थिती ज० एक समय उ० ६ मासकी है।

प्रयोग ब ध के तीन भेद—अनादि अनन्त, अनादि सात। और सादि साता जिसमें (१) अनादि अनंत-जीव के आठ रुचक प्रदेशोंका ब न्ध वह भी तीन २ प्रदेशोंके साथ है, और शेष आत्म प्रदेश हैं वे सादि सांत हैं, (२) सादी अनंत एक सिद्धो के आत्म प्रदेश स्थित हुवे हैं वह सादी है परन्तु अन्त नहीं, (३) सादि सातके ४ भेद हैं—आलावणबन्ध, अलियावणबन्ध, शरीरबन्ध, और शरीर प्रयोगबंध।

आलावणबन्ध—जैसे तृणके भारेका बन्ध, काष्ट के भारेका बन्ध, पर्ण पत्र, पलाल, वेलो आदि का बन्ध इनकी ज० स्थिती एक समय उ० संख्याता काल।

१ अलियावणबंध के ४ भेद—लेसाण बंध, उच्चयबन्ध, समुच्चयबंध, और साधारणबंध, जिसमें लेसाणबंध जैसे कादेसे, चूनेसे, लाखसे, मैणसे, पत्थर तथा काष्टादि को जोडकर घर प्रासाद आदि बनाना इसकी स्थिती ज० अंतर मुहूर्त उ० सं ख्याता काल (२) उच्चयबन्ध-जैसे--तृणरासी, काष्टरासी, पत्र रासी तुस, भुस० गोबर रासी का ढेर करने से बंध होता है इसकी स्थिती ज० अंतर मुहुर्त उ० संख्याता काल-(३) समुच्चयबन्ध जैसे-तालाव, कूवा, नदी, द्रह, वावडी पुष्करणी, देवकुल सभा, पर्वत छत्री, गढ कोट किल्ला, घर, रस्ता, चौरस्तादि जिसकी स्थिती ज० अंतर मुहुर्त उ० संख्याताकालकी है (४) साधारणबन्ध-जिसके दो भेद—देसबन्ध जैसे गाडा, गाडली, पीलाण, अम्बाडी, पिलग खुरसी, आदि और दूसरा सर्वबन्ध जैसे पाणी दूध इत्यादि इनकी स्थिती ज० अंतर मुहुर्त उ० संख्याताकाल।

शरीरबन्ध के दो भेद-पूर्व प्रयोगापेक्षा और वर्तमान प्रयोगापेक्षा जिस में पूर्व प्रयोग जैसे नरकादि सर्व संसारी जीवों के जैसा २ कारण हो वैसा २ बंध होता है और वर्तमान प्रयोग बंध जैसे केवली समुद्घात से निवृत्त होता हुवा अन्तरा और मथनमें प्रवृत्तमान तेजस और कारमण का बन्धक होवे, कारण उस वक्त केवल प्रदेशही होते हैं।

शरीर प्रयोग बन्धके ५ भेद जैसे औदारिक शरीर प्रयोग बंध, वक्रिय० आहारक० तेजस० और कारमण शरीर प्रयोगबंध इनकी स्थिती सविस्तार आगे के थोकडे में कहेंगे।

सेवंभते सेवंभते तमेव सच्चम्।

— ❀ —

थोकडा नं० ६७.

श्री भगवती सूत्र श० ८–उ० ९

(सर्वबंध देशबंध.)

शरीर पांच प्रकारके हैं-औदारिक, वैक्रिय, आहारिक तेजस, और कार्मण शरीर (१) औदारिक शरीर आठ बोल से निपजावे-द्रव्य से, वीर्य से, सयोग से, प्रमाद से, भवसे जोगसे कर्मसे आयुष्यसे औदारिक शरीर का स्वामी कौन है? (१) समुच्चय जीव (२) समुच्चय एकेन्द्री (३) पृथ्वीकाय (४) अप (५) तेउ० (६) वाउ० (७) वनस्पति० (८) बेरेन्द्री (९) तेरिन्द्री (१०) चौरिन्द्री (११) तिर्यंच पंचेंद्र० (१२) मनुष्य इन बारह बोलों में सर्व बन्धका आहार ले वह ज० एक समय का है सर्व बन्धका आहार जीव जिस योनी में उत्पन्न हो उस योनी में जाके प्रथम समय ग्रहण करता है और वह प्रथम समय का लिया हुवा आहार उमर भर रहता है, जैसे तेलके अंदर वडा का दृष्टांत

देश बंधका आहार—समुच्चय जीव, समुच्चय एकेन्द्रिय, वायुकाय तिर्यंचपंचेन्द्री, और मनुष्य इन पांच बोलों के जीवों का देश बंध के आहार का स्थिति ज० एक समय की भी है कारण वे जीव औदारिक शरीर से वैक्रिय करते हैं और वक्रि येसे पीछा औदारिक करते हुवे प्रथम समय ही काल करे तो औदारिक के देश बंध का एक समय जघन्य बंधक हुआ शेष सात बोलों (४ स्थावर, ३ विकलेन्द्री) के जीव देश बंध ज० क्षुलक भव से तीन समय न्यून कारण दो समय की विग्रह गती और एक समय सर्व बंध का एवं ३ समय न्यून

क्षुलक भव (२५६ आवली) देश बंधवा आहार करे और १२ बोल के जीवों की उत्कृष्ट देश बंध की स्थिति नीचे प्रमाणे।

समुचय जीव, मनुष्य, और तिर्यंच तीन पल्योपम एक समय न्यून समुचय एकेन्द्री पृथ्वीकाय २२००० वर्ष एक समय न्यून, एव अप्पकाय ७००० वर्ष, तेउ० तीन दिन वायु ३००० वर्ष, वनस्पति १०००० वर्ष, बेरिन्द्री १२ वर्ष तेरिन्द्री ४९ दिन, चोरिन्द्री ६ मास सब में एक समय न्यून समझना क्योंकि एक समय सर्व बंध का आहार ले।

औदारिक शरीर के सर्व बंध का अन्तर-समुचय औदारिक शरीर के सर्व बंध का अन्तर ज० एक क्षुलक भव तीन समय न्यून कारण १ समय प्रथम भव में सब बंध का आहार किया और दो समय की विग्रह गती की और उ० ३३ सागरोपम पूर्व क्रोड वर्ष में एक समय अधिक कारण कोइ जीव पूर्व कोडी का भव किया उसमें एक समय सर्व बंध का आहार लिया सो पूर्व कोड में न्यून हुवा वहा से सातवीं नरक या सर्वार्थ सिद्ध विमान में ३३ सा० और वहा से २ समय की विग्रह गती करके उत्पन्न हुवा इस वास्ते १ समय अधिक कहा शेष ११ बोलों का स्वकायाश्री सब बंध का अन्तर ज० एक क्षुलक भव तीन समय न्यून और उ० अपनी २ स्थिति से एक समय अधिक समझना भावना पूर्ववत्।

देश बंध का स्वकायाश्री अन्तर कहते हैं-समुचय जीव, समुचय एकेन्द्री, वायुकाय तिर्यच पंचेन्द्री और मनुष्य इनमें ज० एक समय उ० अन्तर मुहूर्त (वैक्रियापेक्षा) शेष ७ बोलों में ज० एक समय उ० ३ समय।

देश बन्ध का परकायाश्री अन्तर-समुचय एकेन्द्री सर्व बंध अन्तर ज० २ क्षुलक भव तीन समय न्यून और देश बंध

का एक क्षुलक भव १ समय अधिक उ० दोनों बोलों को २००० सागरोपम सख्याता वर्षाधिक।

वनस्पतिकाय और–समुचय एकेन्द्रीय का सर्व अन्तर ज० एकेन्द्रीय माफिक उ० असख्याता काल पृथ्वीकाय की काय स्थितिवत्–शेष ९ बोल का सर्व बन्धान्तर ज० एकेन्द्री माफिक और उ० अनन्त काल (वनस्पति काल)।

(अल्पा बहुत्व)

(१) सबसे स्तोक औदारिक शरीर के सर्व बध के जीवों।
(२) अबन्धक जीवों विशेषाधिक।
(३) देश बन्धक जीवों अस० गुणे।

(२) वैक्रिय शरीर ९ कारणों से बन्धते हैं जिसमें ८ पूर्व औदारिकवत् और नवमा लब्धि वैक्रिय। जिसका स्वामी (१) समुचय जीव, (२ , नारकी, (३) देवता, (४) वायुकाय, (५) तीर्यंच पंचेंद्री (६) मनुष्य।

समुचय वैक्रिय का बन्ध दो प्रकार के है सर्व बन्ध और देश बन्ध जिसमें सर्व बन्ध की स्थिति ज० एक समय (नरकादि प्रथम समय आहार ले वह सर्वबन्ध है) उत्कृष्ट दो समय (मनुष्य, तिर्यंच औदारिक से वैक्रिय बनाता हुवा प्रथम समय का सर्वबधका आहार गृहण करके काल करे और नारकी देवता-में उत्पन्न हो वहा प्रथम समय सर्वबंध का आहार ले इसवास्ते दो समय का सर्वबंध का आहार कहा है और देशबंध की स्थिति ज० एक समय मनुष्यादि औदारिक शरीर से वैक्रिय बनाये उस वक्त एक समय का देशबंध का आहार ग्रहण करके काल करे) उ० ३३ सागरोपम एक समय न्युन।

नारकी, देवताओं में सर्व बन्धका आहार ज० उ० एक

समय और देशबंध का ज० अपनी २ जघन्य स्थिती से तीन समय न्यून कारण दो समय की विग्रह गती और एक समय सर्व बन्धका। और उ० अपनी २ उत्कृष्ट स्थिती से १ समय न्यून।

वायुकाय तिर्यंच पंचेंद्री और मनुष्य में वैक्रिय शरीर व सर्वबंधके आहार की स्थिती ज० उ० एक समय और देशबन्ध की स्थिती ज० एक समय उ० अन्तरमुहुर्त।

वैक्रिय शरीर के सर्वबन्ध देशबन्ध का अन्तर ज० एक समय उ० अनंतो काल यावत् वनस्पति काल, नारकी, देवता में स्वकायाश्रीय अन्तर नहीं है, कारण नारकी, देवता मरके नारकी देवता नहीं होते। वायुकाय का स्वकायाश्रीय वैक्रिय शरीर के सर्वबन्ध का अन्तर ज० अंतर मुहुर्त उ० पल्योपम के असख्यातमें भाग इसी तरह देशबन्धका भी अन्तर समझ लेना। तिर्यंच मनुष्य के स्वकायाश्रीय वैक्रिय शरीर के सर्वबन्ध का अन्तर ज० अन्तर मुहुर्त उ० प्रत्येक क्रोड पूर्व वर्षोंका। नारकी देवता का परकायापेक्षा वैक्रिय शरीर के सर्वबन्ध का अन्तर ज० अपनी २ जघन्य स्थिती से अन्तर मुहुर्त अधिक और देशबन्धका ज० अंतर मुहुर्त उ० दोनों का अनंत काल (वनस्पतिकाल) आठमें देवलोकतक समझना। नवमें देवलोक से नौ ग्रैवेयक तक सर्वबंध का अंतर ज० अपनी २ स्थिती से प्रत्येक वर्ष अधिक और देशबन्धका अंतर ज० प्रत्येक वर्ष उ० दोनों बोल में अनन्ता काल (वनस्पतिकाल) चार अनुत्तर विमान के देवताओं का सर्वबन्ध अन्तर ज० ३१ सागरोपम प्रत्येक वर्ष अधिक देशबंध का अन्तर ज० प्रत्येक वर्ष उ० संख्याता सागरोपम और सर्वार्थसिद्ध विमान में फिर नहीं जावे वास्ते अन्तर नहीं है और वायुकाय, तिर्यंच तथा मनुष्य में

वैक्रिय शरीर सर्वबन्ध देशबन्ध का आन्तर अन्तर मुहुर्त उ० अनताकाल (वनस्पतिकाल)।

(अल्पा बहुत्व)

(१) सबसे स्तोक वैक्रिय शरीर के सर्वबंध के जीवों।
(२) वैक्रिय शरीर देशबंध वाले जीवों अस० गुणे।
(३) „ „ अबंध वाले जीवों अनन्त गुणे।

(३) आहारिक शरीर बांधने के ८ कारण औदारिकवत् लौवों लब्धि जिसका स्वामी मनुष्य वह भी ऋद्धिवन्त मुनिराज है आहरिक शरीर के सर्वबंध की स्थिती ज० उ० एक समय और देशबंध की स्थिती ज० उ० अन्तर मुहुर्त अन्तर सर्व बंध देशबंध का ज० अन्तर मुहुर्त उ० अनन्तकाल यावत् अर्द्धपुद्गल परावर्त।

(१) सबसे स्तोक आहारक शरीर के जीवों सर्वबन्ध।
(२) आहारक शरीर के देश बन्धके जीवों सख्यात गुणे।
(३) „ „ अबन्धक जीवों अनन्त गुणे।

(४) तेजस शरीर बंध का स्वामी एकेन्द्रीयसे यावत् पचेन्द्री है और आठ कारण से बंध होता है औदारिकवत् तेजस शरीर सर्व बंध नहीं होता केवल देशबंध होता है जिसके दो भेद अनादी अनन्त (अभव्यापेक्षा) और अनादि सान्त (भव्यापेक्षा) इन दोनों का अन्तर नहीं है निरन्तर बंध होता है

(१) तेजस शरीर का अबन्धक स्तोक।
(२) और देश बंधक जीवों अनन्त गुणा।

(५) कार्मण प्रयोग बंध के आठ भेद-यथा ज्ञानावर्णीय दर्शना०, वेदनी० मोहनी० आयुष्य०, नाम०, गोत्र०, अंतराय० इन आठ कर्मों के बंधका ७९ कारण शीघ्रबोध० भाग २ में लिखा है करमाणका देशबंध है सर्वबंध नहीं होते है स्थिती तथा अन्तर तेजस शरीर के माफिक समझ लेना अल्पाबहुत्व आयुष्य कर्म

छोड़ के शेष ७ कर्मकी तेजस शरीरवत् और आयुष्य कि सबसे स्तोक देशबंध के और अबन्धके सग्यात गुणे।

(परस्पर बन्ध अबन्ध)

(१) औदारिक शरीर के सर्वबंध का बंधक है वहां वैक्रिय, आहारिक का अबन्धक है और तेजस कार्मण का देश बन्धक है इसी तरह औदारिक शरीर के देशबंध का भी कह देना।

(२) वैक्रिय शरीरका बंधक है वहा औदारिक, आहारिक शरीर का अबंधक है तेजस कार्मण का देशबंधक है इसी तरह वैक्रिय का देशबंध का भी कहना।

(३) आहारिक शरीर का बंधक है वहा औदारिक वैक्रिय का अबंधक है और तेजस कार्मण का देशबंधक है एवं आहारिक शरीर के देश बंध का भी कहना।

(४) तेजस शरीर का देशबंधक है वहा औदारिक शरीर का बंधक भी है और अबंधक भी है यदि बंधक है तो देशबंधक भी है और सर्वबंध भी है एवं आहारिक वैक्रिय शरीर भी समझ लेना कार्मण शरीर नियमा देशबंध है।

(५) कार्मण शरीर की व्याख्या तेजसवत् करना। इति।

(अल्पाबहुत्व).

(१) सबसे स्तोक आहारिक शरीर का सर्व बंधक।
(२) आहा० शरीर का देश बंधक सं० गु०।
(३) वैक्रिय ,, सर्व ,, अस० गु०।
(४) ,, ,, देश ,, ,,
(५) तेजस कार्मण का अबंधका अनं० गु०।
(६) औदा० शरीर सर्वबंधक अनं० गु०।

(७) ,, ,, अबधका विशेषा।
(८) ,, ,, देश ,, असं० गु०
(९) तैजस कार्मण का देश बंधक विशेषा।
(१०) वैक्रिय का अबंधक विशेषा।
(११) आहारिक शरीर के अबंधक विशेषा।

सेवभंते सेवभंते तमेव सचम्.

—※—

थोकडा न० ६८

श्री भगवती सूत्र श० ८-उ० १०

(पुद्गल)

हे भगवान! पुद्गल कितने प्रकार से प्रणमते हैं? गौतम! पाच प्रकार से यथा वर्ण ५, गंध २, रस ५, स्पर्श ८ और सस्थान ५ एव २५ बोलों से प्रणमते हैं।

पुद्गलास्तिकाय के एक प्रदेश को क्या एक द्रव्य कहना १ या घणा द्रव्य कहना २ या एक प्रदेश कहनो ३ या घणा प्रदेश कहना ४ या एक द्रव्य एक प्रदेश कहना ५ या एक द्रव्य घणा प्रदेश कहना ६ या घणा द्रव्य एक प्रदेश कहना ७ या घणा द्रव्य घणा प्रदेश कहना? इन ८ भागा में से एक प्रदेश में दो भागा पावे (१) एक प्रदेश (२ अपेक्षा से एक द्रव्य भी कहते हैं।

दो प्रदेशी में पाच भागा पावे क्रमसर तीन प्रदेशी में सात भागा पावे क्रमसर चार प्रदेशी में ८ भागा पावे एवं ५-६-७-८-

९-१० संख्याते, असंख्याते और अनन्ते प्रदेशो में भी ८-८ भागा समझ लेना ॥ पद २-५-७-८० सब मिलाके ९४ भागे हुवे।

हे भगवान् ! जीव पुद्गली है या पुद्गल है ? गौतम ! जीव पुद्गली भी है और पुद्गल भी है क्योंकि जैसे किसी मनुष्य के पास छात्र हो उसको छत्री कहते हैं दंड हो उसको दंडी कहते है इसी माफिक जीव ने पूर्व काल में पुद्गल ग्रहण किया था इस वास्ते पु० ग्रहणापेक्षा से जीवको पुद्गल कहते हैं और श्रोतेन्द्रि, चक्षु० घ्राण०, रस० स्पर्शेन्द्री की अपेक्षा से जीव को पुद्गली कहते है। यहां उपचरित्तनयापेक्षा समझना।

पृथ्व्यादि पांच स्थावर एक स्पर्शेन्द्रीय अपेक्षा पुद्गली है और जीव अपेक्षा पुद्गल हैं। बेइंद्रिय के दोइन्द्री तेन्द्रीय के तीनइन्द्रिय चौरिन्द्रीय के चारइन्द्री की अपेक्षा से पुद्गली है और जीवापेक्षा से पुद्गल है नारकी १ भुवनपति १०, तिर्यंच पंचे न्द्री १, मनुष्य १, व्यंतर १, ज्योतिषी १, वैमानिक एवं १६ दंडक में पांचइन्द्री की अपेक्षा से पुद्गली है और जीव की अपेक्षा से पुद्गल है भावना पूर्ववत्। इति।

सेवंभंते सेवंभंते तमेव सच्चम्।

—※—

थोकडा नं० ६६

श्री भगवती सूत्र श० १०—उ० १

(लोक दिशा)

दिशा दश प्रकार की है यथा—

(१) इन्द्रा [पूर्व दिशा] [२] अग्नि [अग्निकौन]

[३] जमा (दक्षिण दिशा) (४) नेरुती [नैरुत कौन], (५) वाउणा [पश्चिम दिशा], (६) वायु (वायव कौन), (७) सोमा [उत्तर दिशा], (८) ईसाण [ईसान कौन], (९) विमला [उंची दिशा] (१०) तमा [नीची दिशा]।

इन्द्रा (पूर्व दिशा) में क्या जीव है १ जीव का देश है २ जीवका प्रदेश है ३, अजीव है ४, अजीव का देश है ५, अजीवका प्रदेश है ६ ? गौतम ! हा जीव है यावत् अजीवका प्रदेश है जीव है तो क्या एकेन्द्री है बे० ते० चो० प० और अनेंद्रिया है ? हा एके-द्रीय बे-द्रीय तेन्द्रीय चौन्द्रीय पचेन्द्रीय और अने-न्द्रीय ये ६ बोल हैं इनके देश ६ और प्रदेश ६ एवं १८ बोल हुये।

अजीव के दो भेद हैं एक रूपी दूसरा अरूपी जिसमें पूर्व दिशा में रूपी का स्कन्द है स्कन्धदेश है स्कन्धप्रदेश है तथा परमाणु पुद्गल है एव चार और अरूपी का ७ धर्मास्तिकाय नहीं है परतु धर्मास्तिकाय का एक देश है और प्रदेश घणा है एव अधर्मास्तिकाय २ आकाशास्तिकाय २ और सातवा काल एव अजीव के ११ और जीव के १८ सब मिला के २९ बोल पूर्व दिशा में पावे एवं पश्चिम, दक्षिण और उत्तर में २९-२९ बोल पावे।

अग्निकौन की पृच्छा ? गौ० जीव नही है जीव का देश है, यावत् अजीवका प्रदेश है अगर जीवके देश है तो क्या एकेन्द्रीयके हैं।

(१) अग्निकौन में नियमा एकेन्द्रीयका देश है।
(२) घणा एकेन्द्रीयके घणा देश एक बेन्द्रियको एक देश
(३) ,, ,, ,, , ,, बे घणादेश
(४) , ,, ,, ,, घणे बेन्द्रिय के घणादेश
(७) एव तीन आलाया तेरिन्द्रिय का १० तीन चौरिंद्री

का (१३) पचेन्द्रीय का (१६) अनेन्द्रियका यह १६ आलाव कहना। प्रदेशापेक्षा।

(१) घणा पचेन्द्रियके घणो प्रदेश।

(२) „ „ , एक बेरिन्द्रियका घणे प्रदेश।

(३) „ „ , घणो बेरिन्द्रीके घणे प्रदेश।

एव तेरिन्द्रीके दो चौरिन्द्रीय दो पचेन्द्रीय दो, और अनेद्रियके दो सर्व ११ अलावा कुल जीवोंके २७ भेद हुवे और अजीव के दो भेद-रुपी और अरुपी जिसमें रूपी के चार भेद-स्कंध, स्कंधदेश, स्कंधप्रदेश, और परमाणुपुद्गल दूसरा अरूपी जिसके ६ भेद-धर्मास्तिकाय नहीं है परतु धर्मास्तिकाय का एक देश, और घणा प्रदेश एवं अधर्मास्तिकाय देश प्रदेश आकाशास्तिकाय देश प्रदेश एव अजीव के १ और जीवका २७ सर्व मिलाके ३७ बोल अग्निकोन में पावे एव नैऋत्य वायकोन इसान कोन में भी ३७-३७ बोल समझना।

विमला (ऊर्ध्वदिशा) में जीव क २७ भेद अग्निकोन वत् और अजीव क ११ भेद पूर्व दिशिवत् एव ३८ बोल समझना और नीची दिशी में ३७ बाल कहना कालका समय नही है।

(प्र०) उंची दिशी में कालका समय है और नीची में नही कहा जिसका क्या कारण? मेरु पर्वत का एक भाग स्फाटिक रत्नमय है और नीचे का भाग पाषाणमय है, उपर स्फटिक रत्नवाला भाग में सूर्य की प्रभा पडती है और नीचेका भाग पाषाणमय होनेसे सूर्य की प्रभाको नहीं खींच सकता इस लिये शास्त्रकार ने यहा समय की विवक्षा नहीं की, और नीची दिशा में अनेन्द्रीया का प्रदेश कहा सो यह केवली समुद्घातकी अपेक्षा से हैं। इति।

सेवभते सेवभते तमेव सच्चम्।

थोकडा नं० १००

श्री भगवती सूत्र श० ११-उ० १०

(लोक)

हे भगवान ? लोक कितने प्रकारके है ? गौ० चार प्रकार के यथा—द्रव्यलोक, क्षेत्रलोक काललोक और भावलोक जिसमें पहिले क्षेत्रलोक की व्याख्या करते हैं क्षेत्रलोक तीन प्रकारका है उर्ध्वलोक, अधोलोक और तिर्यग लोक उर्ध्वलोक में १२ देवलोक ९ ग्रैवेक ५ अनुत्तर विमान और सिद्धशिला, अधोलोकमें ७ नारकी और तिर्यग् लोक में जम्बूद्वीप, लवण समुद्रादि असंख्याद्वीप समुद्र है।

अधोलोक तिपाई के संस्थान तीर्यग् लोक झालर के संस्थान, ऊर्ध्वलोक उभी मृदगाकार (संस्थान) सर्व लोक तीन शरावला के अथवा जामा पहिरे हुवे पुरुष के संस्थान है और अलोक पोला गोला (नारियल) के संस्थान है।

अधोलोक क्षेत्रलोक में जीव है, जीव के देश है, जीवके प्रदेश है एवं अजीव, अजीव के देश, अजीव के प्रदेश हैं ? जीव है यावत् अजीव का प्रदेश है तो क्या एकेन्द्रिय यावत् अनेन्द्रिय है ? हा एकेन्द्रिय, बेन्द्रिय, तेन्द्रिय, चौन्द्रिय, पचेन्द्रिय और अनेन्द्रिय एवं ६ बोल और इन छे का देश और छे का प्रदेश सर्व १८ बोल हुवे।

अजीव के दो भेद रूपी और अरूपी जिसमें रूपी के चार भेद पूर्ववत् और अरूपी के ७ भेद धर्मास्ति का देश, प्रदेश एवं अधर्मास्ति, आकाशास्त का भी देश, प्रदेश और काल

समय एव २९ बाल अधोलोक में पावे इसी तरह तीर्यग् लोक में २९ और ऊर्ध्व लोक में काल का समय छोड के शेष २८ बोल पाय।

सर्व लोक में बोल पावे २९ पूर्ववत् और अलोक में जीवादि नही है फक्त आकाश है वह भी सर्वाकाश से अनन्त में भाग न्यून (लोक जितना न्यून)।

नीचलोक के एक आकाश प्रदेश पर जीव नहीं है जीव का देश, प्रदेश और अजीव अजीव के देश प्रदेश है। यथा—

(१) घणे एकेन्द्रिय के घणे देश तो नियमा है।
(२) घणे एकेन्द्रियके घणे देश एक बेरिंद्रिय का एक देश।
(३) ,, ,, ,, ,, घणे बेन्द्रिय के घणे देश।

एव तेन्द्रिय चौरिन्द्रिय, पचेन्द्रिय और अनेन्द्रिय के दो दो बोल कहना एव ११।

(१) घणे एकेन्द्रिय के घणे प्रदेश।
(२) घणे एकेन्द्रियके घणे प्रदेश और एक बेन्द्रियका घणे प्रदेश।
(३) , ,, ,, और घणे ,,

एव तेन्द्रिय २ चौन्द्रिय २ पचेन्द्रिय २ एव ९।

(१) घणे एकेन्द्रियके घणे देश और एक अनेन्द्रियका एक देश।
(२) ,, , , , , , घणे देश
(३) ,, , , , घणे ,

एव ३-९-११ मिल्के २३ भागे हुए और अजीव के ४ भेद चार रुपी और पांच अरुपी पूर्ववत् कुल ३२ बोल हुये।

ऊचा लोक के एक आकाश प्रदेश पर काल का समय

छोडके शेष ३१ बोल पावे तीर्यक् लोकमें नीचा लोक वत् ३१ बोल पावे लोक के एक आकाश प्रदेश पर भी कहना। अलोकाकाश पर जीव आदि नहीं है केवल आकाश अनन्त अगुरु लघु पर्याय संयुक्त है। २।

(२) द्रव्यलोक-नीचे लोक में अनन्ते जीव द्रव्य हैं अनन्ते अजीव द्रव्य है एव ऊचा लोक, तीर्यक् लोक और सर्व लोक अलोक में केवल अजीव वह भी आकाश अनन्त अगुरु लघु पर्याय संयुक्त है।

(३) काललोक-ऊंचा, नीचा, तीर्यक् और सर्वलोक कोई कर्या नहीं करे, नहीं, और करसी नहीं एव तीनों काल में सदा सास्वत है एव अलोक।

(४) भावलोक ऊचो, नीचो, तीर्यक् लोक और सर्वलोक में अनंते वर्ण, गध, रस स्पर्श और संस्थान का पर्याय है ॥ और अनन्ते गुरुलघु और अनन्ते अगुरुलघु पर्याय करके संयुक्त है और अलोक में केवल आकाश द्रव्य अगुरुलघु संयुक्त है।

इसका जादा खुलासा देखना हो तो श्रीमान् विनयविजयजी महाराज कृत लोकप्रकाश देख लीजीये ॥

सेवभते सेवभते तमेव सच्चम्

थोकडा नं० १०१

श्री भगवती सूत्र श० १६—उ० ८

लोक-लोक के देश और लोक के प्रदेशों का अधिकार पहले थोकडोंमें आगे लिखा गया है अब लोक के चरमान्त का २१०

बोलोमें जीयादि ६ पदके कितने २ बोल है वह इस थोकडे द्वारा नीचे लिखते हैं।

समुचय लोक व पूर्व के चरमान्त में क्या (१) जीव, (२) जीवका देश, (३) जीवका प्रदेश, (४) अजीव, (५) अजीवका देश, (६) अजीवका प्रदेश है ? जीव नहीं है जीवका देश है, यावत् अजीवका प्रदेश है जीव का देश है तो क्या एकेन्द्रिय, बेन्द्रिय, तेन्द्रिय, चौरिंद्रिय, पचेन्द्रिय और अनेंन्द्रिय का देश है। (१) घणे इंद्रिय एकेन्द्रिय के घणे देश सूक्ष्म जीवापेक्षा सास्वते लाधे, (२) घणे एकेन्द्रिय के घणे देश और एक बेन्द्रिय के एक देश (३) घणे एकेन्द्रिय के घणे देश और एक बेन्द्रिय के घणे देश, (४) घणे एकेन्द्रिय के घणे देश और घणे बेन्द्रिय के घणे देश एवम् तेन्द्रिय के ३ चौरिंद्रिय के ३ पचेन्द्रिय के ३ एवम् (१३) (१४) घणे एकेन्द्रिय के घणे देश और एक अनेंद्रिय के घण देश (१५) घणे एकेन्द्रिय के घणे देश और घणे अनेंद्रिय के घणे देश (१६) और प्रदेश की व्याख्या घणे एकेन्द्रिय के घण प्रदेश (१७) घण एकेन्द्रिय के घणे प्रदेश एक बेन्द्रिय के घणे प्रदेश (१८) घणे एकेन्द्रिय के घणे प्रदेश और घणे बेन्द्रिय के घणे प्रदेश एवम् तेन्द्रिय के २ चौरिन्द्रिय के २ पचेंन्द्रिय के २ अनेंन्द्रिय के २ एवम् २६ बोल जीवों के हुए।

अजीव दो प्रकार के हैं रूपी और अरूपी जिसमें रूपी के ४ भेद (१) स्कंध (२) स्कंधदेश (३) स्कंधप्रदेश (४) परमाणु और अरूपी के ६ भेद धर्मास्तिकाय नहीं है संपूर्णापेक्षा परन्तु धर्मास्तिकाय के देश प्रदेश है एवं अधर्मास्ति के २ आकाशास्तिकाय के २ अरूपी के ६ और रूपी के ४ मिलके अजीव के १० भेद तथा जीवके २६ सर्व मिलाकर पूर्व दिशा के चरमात में ३६ बोल हुए एवम् दक्षिण पश्चिम और उत्तर दिशा भी समझना।

उपरयत् ७ नारकी १२ देवलोक ९ नवग्रेवेयक ५ अणुत्तर-विमान १ इसी प्रभारा पृथिवी (सिद्धशिला) एवम् ३४ बोलों के चारों दिशों के चरमात में तथा समुच्चय लोक के चारों दिशों के चरमात मिल्के १४ चरमात में बोल छत्तीस छत्तीस पावे।

